दैनिक
राष्ट्रीय जनभावना

RNI-MPHIN/2013/53761

वर्ष-3, अंक-37
इन्दौर, मंगलवार
3 नवम्बर 2026
पृष्ठ 8, मूल्य 2 रु.

चाणक्य नीति

चाणक्य कहते हैं कि अधिक लाड़ प्यार करने से बच्चों में अनेक दोष उत्पन्न हो जाते हैं। इसलिए यदि वे कोई गलत काम करते हैं तो उसे नजरअंदाज करके लाड़-प्यार करना उचित नहीं है। बच्चे को डाँटना भी आवश्यक है।



वारंट के बाद भी पेश नहीं हुए प्रमुख सचिव

हाईकोर्ट ने 2 सप्ताह का दिया समय,आदेश का पालन नहीं हुआ तो व्यक्तिगत उपस्थित होना पड़ेगा...

जबलपुर, ईएमएस। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के जमानती वारंट जारी होने के बावजूद स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. संजय गोयल शुक्रवार को अदालत में उपस्थित नहीं हुए। पूर्व आदेश का पालन नहीं होने पर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को दो सप्ताह का और समय दिया है। कोर्ट ने चेतावनी दी है कि अगली सुनवाई तक आदेश का पालन नहीं हुआ तो संबंधित अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना पड़ेगा।

जस्टिस दीपक खोत की एकलपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 17 नवंबर को तय की है। सुनवाई के दौरान शासन की ओर से बताया गया कि पिछले आदेश का पालन करने के लिए कुछ और समय की आवश्यकता है।

दो अधिकारियों को पेशी की चेतावनी

हाईकोर्ट ने कहा कि अगली सुनवाई तक आदेश का पालन नहीं हुआ तो कोष एवं लेखा विभाग के कमिश्नर भास्कर लक्षाकार और छिंदवाड़ा के जिला शिक्षा अधिकारी गोपाल सिंह बघेल को व्यक्ति गत रूप से अदालत में उपस्थित होना होगा।

सेवानिवृत्त शिक्षिका ने लगाई याचिका

मामला छिंदवाड़ा की सेवानिवृत्त सहायक शिक्षिका सुरभा गाडरे की अवमानना याचिका से जुड़ा है। याचिकाकर्ता का कहना है कि हाईकोर्ट ने 23 सितंबर 2024 को आदेश पारित किया था, इसके बावजूद उनसे पेंशन की वसूली की जा रही है। याचिका में पेंशन वसूली की कार्रवाई को अवैधानिक बताते हुए कोर्ट के आदेश का पालन नहीं किए जाने का मुद्दा उठाया गया है।

उज्जैन में बनेगी भगवान श्रीकृष्ण पर केन्द्रित अत्याधुनिक रिसर्च लाइब्रेरी : मुख्यमंत्री

भोपाल । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भगवान श्री कृष्ण पर केंद्रित शोध वृत्त चित्र, नाट्य और संगीत श्रृंखलाओं के लिए समर्पित यूट्यूब डिजिटल प्लेटफॉर्म का संचालन आरंभ करने की योजना है। इसके साथ ही दुर्लभ पांडुलिपियों और शोध पत्रों के लिए उज्जैन में अत्याधुनिक रिसर्च लाइब्रेरी की स्थापना की जाएगी। इन गतिविधियों को जन भागीदारी और विभिन्न शासकीय योजनाओं के समन्वय से व्यापक अभियान के रूप में संचालित किया जाएगा। भगवान श्रीकृष्ण के विचार वर्तमान में भी हमारा पथ प्रदर्शन कर रहे हैं। श्रीकृष्ण द्वारा उज्जैन के सांदीपनि गुरुकुल में शिक्षा ग्रहण करने के साथ ही प्रदेश के विभिन्न स्थानों में यात्राएं की गयी। जन सामान्य के लिए ऐसे सभी स्थानों का महत्व तीर्थ के समान है। प्रदेश में स्थित ऐसे स्थानों को तीर्थ के रूप में विकसित किया जाए। जीवन प्रबंधन हो या अर्थव्यवस्था का संचालन सभी क्षेत्रों में भगवान कृष्ण के विचार आज भी सामयिक है। कृषि, गौ-संवर्धन सहित उनकी दक्षता वाली कलाओं और विद्याओं पर केंद्रित विचार सत्र और संगोष्ठियां प्रादेशिक व राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की जाए।



मुख्यमंत्री डॉ यादव ने यह निर्देश सोमवार को श्रीकृष्ण पाथेय न्यास की कार्य समिति की मंत्रालय में हुई बैठक में दिए। बैठक में संस्कृति राज्य मंत्री श्री धर्मेन्द्र भावसिंह लोधी वर्चुअली शामिल हुए। बैठक में मुख्य सचिव श्री अशोक वर्णवाल, अपर मुख्य सचिव श्री नीरज मंडलोई, श्री शिवशेखर शुक्ला, श्री अनुपम राजन, मुख्यमंत्री के संस्कृति सलाहकार श्री श्रीराम तिवारी तथा अन्य अधिकारी गण उपस्थित थे।

मप्र में अवैध शराब-खनन माफिया के आगे सिस्टम बेबस... कार्रवाई करने गए अधिकारियों पर पड़ रहे भारी, इंदौर-बैतूल हाईवे पर तस्करी रोकने गए पुलिस अधिकारी पर चढ़ाया आयशर वाहन, सहायक जिला आबकारी अधिकारी 2 कॉन्स्टेबल सस्पेंड...

ट्रक से कुचलकर टीआई की हत्या





परिवार को 1 करोड़ की मदद और पत्नी को एसआई की नौकरी मिलेगी...

3 शराब दुकानों के लाइसेंस सस्पेंड

हरदा जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने ने बताया- भारतेन्द्र जायसवाल से जुड़ी तीन शराब दुकानों के लाइसेंस रद्द कर दिए गए हैं। सहायक जिला आबकारी अधिकारी अमरसिंह बघेल, दो आरक्षकों अरुण कुम्बरे और कृष्णपाल सिंह डोडिया को निलंबित किया गया है। आबकारी उपनिरीक्षक पूजा गोहलोत ने बताया- ट्रक बेस से करीब दो फीट ऊंचा है। ट्रक के कंपार्टमेंट में शराब भरी हुई थी। शराब किसकी है, कहां से लाई थी, यह जांच के बाद ही पता चलेगा।

● भोपाल/देवास, ईएमएस

मध्य प्रदेश में शराब माफियाओं के हौसले बुलंद है। बेखौफ शराब और खनन माफिया कारिंवाई करने वाले अफसरों की जान पर भारी पड़ते हुए नजर आ रहे है। देवास में अवैध शराब से भरे ट्रक ने खातेगांव टीआई दिलीप पुरी को कुचल दिया। वे रविवार रात तस्करी की सूचना पर कार्रवाई करने पहुंचे थे। अस्पताल में करीब दो घंटे तक सीआरपी और इलाज किया गया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। पुलिस के मुताबिक, टीआई ने ट्रक ड्राइवर को बाहर आने के लिए कहा था, लेकिन ड्राइवर ने ट्रक को डिवाइडर पर चढ़ाकर आगे बढ़ा दिया। इससे ट्रक का पिछला पहिया झूढ़ के ऊपर चढ़ गया। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है। फरार ड्राइवर की तलाश की जा रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उनकी पत्नी को अनुकंपा पर एसआई पद और परिवार को 1 करोड़ रुपए की सहायता देने की घोषणा की है। इसके अलावा खातेगांव में पकड़ी गई शराब के बैच नंबर की शराब टिमरनी की दुकान में भी मिली। पोस्टमॉर्टम के बाद टीआई दिलीप पुरी के पार्थिव शरीर को तिरंगे में लपेटा गया। इसके बाद पुलिस की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। तिरंगे में लिपटा टीआई दिलीप पुरी का पार्थिव शरीर पैतृक गांव बरमंडल पहुंचा। उनके अंतिम दर्शन के दौरान पुलिसकर्मी और परिजन फूट-फूटकर रो पड़े। देवास एसपी आदित्य मिश्रा सोमवार तड़के करीब 3:30 बजे खातेगांव पहुंचे। एसपी ने बताया कि घटना की जांच के लिए एसआईटी बना दी गई है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

शराब माफिया केरम सिंह गिरफ्तार, ड्राइवर की तलाश

मामले में पुलिस ने शराब माफिया केरम सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। उसे आलीराजपुर जिले के बेहड़वा से पकड़ा गया। फिलहाल उसे खातेगांव पुलिस को सौंपने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के मुताबिक, जिस वाहन से टीआई दिलीप पुरी को कुचला गया, उसमें केरम सिंह की शराब रखी हुई थी। वहीं, जोबट एसडीओपी आशुतोष पटेल ने बताया कि खातेगांव पुलिस की तीन टीमें ड्राइवर की तलाश में पहुंची हैं। पुलिस द्वारा आलीराजपुर, झाबुआ और गुजरात राज्य में लगातार तलाश की जा रही है। बताया जा रहा है कि हादसे में इस्तेमाल ट्रक रतलाम पासिंग का है। पुलिस ने हरदा जिले की टिमरनी तहसील के शराब ठेकेदार और कांग्रेस नेता राहुल जायसवाल के कुछ कर्मचारियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। पूछताछ की जा रही है।

कांग्रेस ने कानून-व्यवस्था पर उठाए सवाल

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने इस घटना को लेकर प्रदेश सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने घटना को प्रदेश की कानून-व्यवस्था की हत्या की खुली घोषणा बताया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने घटना पर सरकार को घेरा। पटवारी ने इसे प्रदेश की कानून-व्यवस्था और पुलिसकर्मियों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल बताया। पटवारी ने आरोप लगाया कि अवैध शराब का कारोबार सत्ता के संरक्षण में फल-फूल रहा है।

इनकी हो चुकी है हत्या...

2012: नरेंद्र कुमार सिंह (आईपीएस), मुरैना में अवैध पत्थर से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली से कुचलकर मौत

2015: धर्मेंद्र चौहान (आरक्षक), मुरैना में अवैध रेत से भरे डंपर के नीचे दबकर से मौत

2016: नरेंद्र शर्मा (वलरक्षक), ग्वालियर में अवैध रेत की ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से मौत

2018: सुबेदार सिंह कुशवाह (डिप्टी रेंजर), मुरैना में रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली से कुचलकर मौत

2023: प्रशांत सिंह बघेल (पटवारी), सहडोल में अवैध रेत परिवहन रोकने के दौरान ट्रैक्टर से कुचलकर मौत

2024: नरेंद्र बागरी (एएसआई), सहडोल में अवैध रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली से कुचलकर मौत

सोनिया ने लालू से मुलाकात की

यूपीए सरकार के कामकाज को याद किया



नई दिल्ली, ईएमएस। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने सोमवार को दिल्ली में बिहार के पूर्व सीएम लालू यादव से मुलाकात की। वे मीसा भारती के घर पर पहुंची थीं। उन्होंने लालू यादव से स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली। इस दौरान पुराने दिनों की यादें ताजा हुईं और यूपीए सरकार के कार्यकाल पर चर्चा हुई।

उन्होंने कहा कि क्रसरकार के दौरान युवाओं, किसानों, जवानों और आम लोगों के लिए कई जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की गईं। मनरेगा, शिक्षा का अधिकार और सूचना का अधिकार जैसे कानूनों से लोगों को सशक्त बनाया गया। साथ ही, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व में बिहार के विकास के लिए 1 लाख 45 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि दी गई।

झुंझुनूं में सड़क बना रहे 8 मजदूरों की मौत

11,000 वोल्ट की बिजली लाइन से टच हो गई थी मशीन...

झुंझनू, ईएमएस। राजस्थान के झुंझुनूं जिले में सोमवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां छापोली इलाके में सड़क निर्माण कार्य के दौरान एक मशीन हाई वोल्टेज बिजली लाइन के संपर्क में आ गई। इससे पांच मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और घटनास्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए। जानकारी के मुताबिक, छापोली में कदम कुंड की ओर जाने वाली सड़क का निर्माण कार्य चल रहा था। इस दौरान सड़क बनाने के लिए रोड़ी मिलाने वाली मशीन का इस्तेमाल किया जा रहा था। अचानक मशीन ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की बिजली लाइन से टकरा गई। इसके बाद मशीन में करंट फैल गया और वहां काम कर रहे मजदूर इसकी चपेट में आ गए।

वीर भारत न्यास कार्यसमिति की बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा...

मप्र में स्थापित होगी वीर भारत फैलोशिप

भोपाल, ईएमएस। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्राचीनतम से आधुनिक इतिहास के मुख्य आयामों और भारत का राष्ट्र स्वरूप स्थापित करने में अपना योगदान देने वाले चिंतकों, कलाकारों, वैज्ञानिकों से जुड़ी गतिविधियों और देश-प्रदेश की संस्कृति पर कार्य के लिए वीर भारत फैलोशिप प्रदान की जाएगी। प्रतिवर्ष दो फैलोशिप प्रदान की जाएंगी, फैलोशिप की राशि 12 लाख रुपए प्रति अध्येता होगी, यह फैलोशिप एक वर्ष की अवधि के लिए दी जाएगी। बैतूल में केन्द्र सरकार के सहयोग से आरण्यक युगयुगीन जनजातीय संग्रहालय स्थापित किया जाएगा। जिसमें जनजातीय इतिहास गैलरी, जनजातीय स्वाधीनता आंदोलन, जनजातीय शोध केन्द्र और डिजीटल रिपॉजिटरी स्थापित होंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस आश्वय के प्रस्ताव को वीर भारत न्यास की कार्यकारी समिति की बैठक में अनुमोदित किया। बैठक में भारतीय इतिहास, संस्कृति और वैभवपूर्ण विरासत को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से उज्जैन कोठी महल में स्थापित हो रहे वीर भारत संग्रहालय के निर्माण को भी स्वीकृति दी गई। मंत्रालय में हुई इस बैठक में संस्कृति राज्य मंत्री श्री धर्मेन्द्र भावसिंह लोधी वर्चुअली शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केवल युद्धों और योद्धाओं की कथा मात्र नहीं अपितु भारत की आंतरिक शक्ति, उसके सोचने-एकजुट होने-प्रश्न करने, रश्न और त्याग करने तथा सृजन के सामर्थ्य से विश्व को अवगत कराना आवश्यक है। उज्जैन में स्थापित होने वाला वीर भारत संग्रहालय इस केन्द्रीय भाव को प्रतिपादित करेगा कि भारत के इतिहास में वीरता का अर्थ कभी केवल युद्ध के साहस तक सीमित नहीं रहा। संग्रहालय, योद्धा के साथ-साथ ऋषि, शिक्षक, गणितज्ञ, समाज सुधारक, विधि निर्माता और तीर्थ यात्रियों को भी प्रदर्शित करेगा।




बैतूल में स्थापित होगा आरण्यक युगयुगीन जनजातीय संग्रहालय

ट्रम्प हटा सकते हैं रक्षा मंत्री हेगसेथ को

वाशिंगटन, ईएमएस। ट्रम्प रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ को पद से हटा सकते हैं। हेगसेथ ने उन्हें ईरान पर हमला करने के लिए उकसाया था। रिपोर्ट के मुताबिक हेगसेथ ने ट्रम्प को भरोसा दिलाया था कि युद्ध कुछ ही महीने में खत्म हो जाएगा।

हालांकि, 8 महीने बाद भी जंग जारी है। अब ट्रम्प यह तय करने में जुटे हैं कि यह युद्ध इतना लंबा खिंचने की पीछे कौन जिम्मेदार है। ट्रम्प अपने कुछ करीबी सहयोगियों से रक्षा मंत्री हेगसेथ और अमेरिकी सेना के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के चेयरमैन जनरल डैन केन के कामकाज के बारे में राय ले रहे हैं।



मंत्री पद न मिलने से नाराज उमर अब्दुल्ला को 25 विधायकों ने दिया अल्टीमेटम, कहा...

14 दिन में मांगें नहीं मानीं तो समर्थन वापस लेंगे

श्रीनगर, ईएमएस। जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस के 25 विधायकों ने रविवार को पार्टी नेतृत्व को 14 दिन का अल्टीमेटम दिया है। विधायकों ने मांगें पूरी नहीं होने पर सरकार से समर्थन वापस लेने की धमकी दी है। इन विधायकों ने मुख्यमंत्री के सलाहकार नासिर सोगामी और 27 अक्टूबर को कैबिनेट विस्तार में बने 4 नए मंत्रियों को हटाने की मांग की। इसके साथ ही वे मंत्रिमंडल में बड़े बदलाव की मांग कर रहे हैं। सोगामी पर पार्टी नेतृत्व को गुमराह करने और संगठन के कामकाज में हस्तक्षेप करने का आरोप है।

श्रीनगर से सांसद आगा सैयद रूहुल्लाह मेहदी ने भी इसीफे का ऐलान किया है। रूहुल्लाह ने कहा है कि वह 3 नवंबर को नेशनल कॉन्फ्रेंस और लोकसभा सदस्यता, दोनों से औपचारिक इसीफा दे देंगे। उन्होंने पार्टी नेतृत्व पर वैचारिक प्रतिबद्धताओं को कमजोर करने का आरोप लगाया है।

कूनो में चीता शावक शिकार का खुलासा

एसटीएफ ने दो को किया गिरफ्तार

श्योपुर, ईएमएस। कूनो नेशनल पार्क में चीता शावक के शिकार के मामले में स्पेशल टास्क फोर्स ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर शिकार में इस्तेमाल लाइसेंसी भरमार बंदूक बरामद की गई है। एसटीएफ के मुताबिक, पूछताछ में भगवान सिंह ने बताया कि 24 अक्टूबर को वह अपने भाई उत्तम सिंह के साथ शिकार के लिए विजयपुर इलाके के ग्राम नितनवास के पास जंगल गया था। वहां चीता दिखाई देने पर उसकी बंदूक से गोली चली।

चांद पर परमाणु रिएक्टर लगाने की होड़

अमेरिका, चीन और रूस कर रहे तैयारी, पानी, ऑक्सीजन और खनिजों के खनन का प्लान

वाशिंगटन/मास्को, ईएमएस। रोशनी नहीं पहुंची है। वैज्ञानिक इस बर्फ से पानी, सांस लेने के लिए ऑक्सीजन और रॉकेट का ईंधन तैयार करना चाहते हैं। इसके अलावा, चंद्रमा पर एल्युमीनियम, टाइटेनियम और सिलिकॉन जैसे खनिजों का भी खनन किया जा सकता है। इनका इस्तेमाल सैटेलाइट बनाने और अंतरिक्ष से जुड़े दूसरे कामों में हो सकता है। चंद्रमा पर सोलर पैनल के जरिए लगातार बिजली बनाना आसान नहीं है। इसकी वजह यह है कि चंद्रमा के किसी एक हिस्से पर करीब दो सप्ताह तक सूरज की रोशनी नहीं पहुंचती। ऐसे में सोलर पैनल काम नहीं कर पाएंगे। इस दौरान बैटरी से बिजली देना महंगा पड़ेगा।

अमेरिका, रूस और चीन चंद्रमा पर परमाणु रिएक्टर लगाने की तैयारी कर रहे हैं। इसके पीछे सबसे बड़ी वजह भविष्य में चंद्रमा पर इंसानी बस्तियां बसाना और वहां मौजूद प्राकृतिक संसाधनों का इस्तेमाल करना है। तीनों देश चंद्रमा पर ऐसे ठिकाने बनाना चाहते हैं, जहां वैज्ञानिक लंबे समय तक रहकर रिसर्च कर सकें। इसके लिए लगातार बिजली की जरूरत होगी, जिसे परमाणु रिएक्टर के जरिए पूरा किया जा सकता है।

चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास मौजूद गहरे गड्ढों में पानी की बर्फ होने की संभावना है। इन इलाकों में लाखों साल से सूरज की

आप छोड़ने वाले तीनों विधायक भाजपा में शामिल

अमृतसर, ईएमएस। पंजाब चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी के 3 विधायक भाजपा में शामिल हो गए हैं। इनमें अमृतसर नॉर्थ से कुंवर विजय प्रताप सिंह, समाना से चेतन सिंह जौड़ामाजरा और समौर से हरमीत सिंह पठानमाजरा शामिल हैं। भाजपा जॉइन करने के बाद विधायक कुंवर ने कहा कि पंजाब में गैंगस्टर सरकार का हिस्सा बन गए। फिरौती की इंडस्ट्री चल रही है। इन तीनों विधायकों ने पिछले 2 दिनों में आप से इस्तीफा दिया। रविवार को जौड़ामाजरा और पठानमाजरा के इस्तीफे के बाद सोमवार को कुंवर ने भी पार्टी छोड़ दी। कुंवर और पठानमाजरा ने विधानसभा की मेंबरशिप से भी इस्तीफा दे दिया है। कुंवर को जून 2025 में आप ने पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते 5 साल के लिए पार्टी से सस्पेंड कर दिया था।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वार्षिक अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक इंदौर में प्रारंभ

शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों की समीक्षा, पंच परिवर्तन के क्रियान्वयन तथा शाखा विस्तार और दृढ़ीकरण पर होगा विचार-विमर्श

इंदौर ।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वार्षिक अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक आज इंदौर स्थित डेली कॉलेज के संत श्री रविदास जी महाराज सभागार में प्रारंभ हुई। बैठक का शुभारंभ परम पूजनीय सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत जी एवं माननीय सरकार्यवाह श्री दत्तात्रेय होसबाले जी ने भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन करके किया।

बैठक में देशभर से लगभग 400 प्रतिनिधि उपस्थित हैं। इनमें पूजनीय सरसंघचालक जी, माननीय सरकार्यवाह जी, सभी सह सरकार्यवाह, अखिल भारतीय पदाधिकारी, संघ के सभी 11 क्षेत्रों के क्षेत्र संघचालक, क्षेत्र कार्यवाह एवं क्षेत्र प्रचारक तथा सभी 46 प्रांतों के प्रांत संघचालक, प्रांत कार्यवाह, प्रांत प्रचारक एवं उनके सहयोगी कार्यकर्ता सम्मिलित हैं। इसके साथ ही संघ प्रेरित कुछ विविध संगठनों के अखिल भारतीय संगठन मंत्री एवं सह संगठन मंत्री भी बैठक में आमंत्रित हैं। बैठक 4 नवंबर की सायंकाल तक चलेगी। इसमें संघ के शताब्दी वर्ष के अंतर्गत विजयादशमी 2025 से विजयादशमी 2026 तक आयोजित कार्यक्रमों की समीक्षा की जाएगी। इन कार्यक्रमों के आगामी क्रियान्वयन, अनुवर्तन तथा उनके माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचने के विषय में विचार-विमर्श होगा। विशेष रूप से पंच परिवर्तन के विषयों को समाज के व्यवहार में प्रभावी रूप से उतारने तथा उनके निरंतर अनुवर्तन की कार्ययोजना पर चर्चा होगी।





शताब्दी वर्ष में स्वयंसेवकों द्वारा किए गए शाखा विस्तार की भी समीक्षा की जाएगी। विस्तारित शाखाओं को अधिक प्रभावी एवं नियमित बनाने, उनका दृढ़ीकरण करने तथा अधिकाधिक स्थानों पर शाखाएं प्रारंभ करने के संबंध में भी विचार-विमर्श होगा।पूजनीय सरसंघचालक जी के विजयादशमी उद्बोधन में समसामयिक राष्ट्रीय एवं सामाजिक विषयों पर प्रस्तुत विचारों की भी बैठक में चर्चा होगी। इन विषयों को समाज तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने तथा उनके अनुरूप आगामी कार्ययोजना बनाने पर विचार किया जाएगा। बैठक में माननीय सरकार्यवाह श्री दत्तात्रेय होसबाले जी की ओर से तीन महत्वपूर्ण ऐतिहासिक एवं प्रेरणादायी व्यक्तित्वों के संबंध में वक्तव्य जारी किए जाएंगे।

1. श्री राजनारायण बोस – राष्ट्रीय चेतना के पितामह श्री राजनारायण बोस की 200वीं जयंती के अवसर पर उनके जीवन एवं योगदान के संबंध में वक्तव्य।

2. स्वामी श्रद्धानंद जी – शुद्धिकरण आंदोलन के पुरोधा स्वामी श्रद्धानंद जी के बलिदान के 100वें वर्ष के अवसर पर उनके जीवन, कार्य एवं योगदान पर वक्तव्य।

3. वेदांत केसरी स्वामी लक्ष्मणानंद सरस्वती जी – ओडिशा के कंधमाल जनजातीय क्षेत्र में स्वाभिमान, स्वावलंबन एवं स्वधर्म की जागृति के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले स्वामी लक्ष्मणानंद सरस्वती जी के जन्म के 100वें वर्ष के अवसर पर वक्तव्य।

संपादकीय

हवा में हादसे

पिछले कुछ समय से हिमालयी राज्य में हेलीकॉप्टर हादसे और आपातकालीन स्थिति में उतारने जैसी अन्य घटनाओं का बढ़ता सिलसिला कई चिंताएं पैदा कर रहा है। इससे पर्यटन के क्षेत्र में हेलीकॉप्टर के संचालन और सुरक्षित यात्रा के भरोसे पर सवाल उठने लगे हैं। हाल में उत्तराखंड में ऐसा ही हादसा हुआ है और फिर पुराने हादसे याद आने लगे हैं। दरअसल, पिछले कुछ सालों से उत्तराखंड में धार्मिक स्थानों तक पहुंचने या अन्य जगहों पर पर्यटन के क्रम में जिस पैमाने पर हेलिकाप्टर से आवाजाही बढ़ी है, उसी अनुपात में उसके सुरक्षित सफर को लेकर एहतियात बरतना जरूरी नहीं समझा जा रहा। पिछले हफ्ते शुक्रवार को बद्रीनाथ से देहरादून लौटते हुए एक हेलिकाप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें पायलट सहित छह लोगों की जान चली गई। अक्सर वहां से हेलिकाप्टर के हादसे का शिकार हो जाने और उसमें नाहक ही लोगों की मौत की घटनाएं सामने आने लगी हैं। ताजा हादसे में मरने वाले यात्री बेंगलुरु के रहने वाले थे और बद्रीनाथ के दर्शन करने के बाद लौट रहे थे। इस हादसे से एक बार फिर यही साबित हुआ है कि सुविधाओं के विकास और विस्तार के क्रम में इस बात का ख्याल रखना जरूरी नहीं समझा जा रहा है कि एक मामूली-सी लापरवाही या तकनीकी खामी कैसे जानलेवा साबित हो सकती है। यह कमाई की अंधी दौड़ भी है कि कंपनियां अपने पायलट और हेलीकॉप्टर दोनों की ही सेहत का ध्यान नहीं रख रही हैं। पिछले वर्ष जुलाई में नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने संसद में बताया था कि 2020 के बाद देश में बारह हेलिकाप्टर दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें सात अकेले उत्तराखंड में हुईं। इन हादसों में मरने वाले कुल तीस लोगों में से सिर्फ उत्तराखंड में इक्कीस लोग मारे गए। हैरानी की बात यह है कि पर्यटन के क्षेत्र में और खासतौर पर तीर्थ स्थलों पर हेलिकाप्टर के जरिए आवाजाही को बढ़ावा तो दिया जा रहा है, लेकिन इसके जोखिम को शून्य करने को लेकर कोई गंभीरता नहीं दिखती। साफ है कि इस मामले में निजी कंपनियों को अनुमति दिए जाने से लेकर व्यवस्थागत प्रबंधन और संचालन में बहुस्तरीय लापरवाही बरती जा रही है।

यह लापरवाही कंपनियों के साथ ही इसकी अनुमति देने वाली तमाम सरकारी एजेंसियों की भी है। सिर्फ ज्यादा मुनाफा कमाने की वजह से जिस तरह सुरक्षा संबंधी तकाजों को ताक पर रखा जा रहा है, वह हादसों को न्योता देने जैसा है। एक बार फिर उत्तराखंड हादसे ने इस खतरे की तरफ ध्यान दिलाया है और अभी से ठोक कदम उठा लेने की जरूरत बताई है। यानी अब भी हेलिकाप्टरों के संचालन में सुरक्षा के ठोस मानकों और उन पर अमल को लेकर सख्ती नहीं बरती गई, तो यह त्रासदियां न जाने कितना नुकसान करती रहेंगी।

वैसे तो इन मामलों में हेलीकॉप्टर में बैठने वालों में भी सतर्कता व पहले से नियमों आद की पड़ताल कर लेने जैसी बातें जरूरी लगती हैं लेकिन अक्सर हवाई जहाज या हिलकाप्टर हो या रेल-बस, हर मुसाफिर पूरे भरोसे और विश्वास के साथ खुद को उस माध्यम के हवाले कर देता है,इसलिये सबसे बड़ी जवाबदेही इन कंपनियों और सरकारी तंत्र की ही बनती है।

सुविचार

आपका कोई भी काम महत्वहीन हो सकता है पर महत्वपूर्ण यह है कि आप कुछ करें।
-महात्मा गांधी



तटीय क्षेत्रों पर मंडराता मुरासु चक्रवात का संकट

महेन्द्र तिवारी

बंगाल की खाड़ी में सक्रिय चक्रवाती तूफान मुरासु ने दक्षिण भारत के तटीय क्षेत्रों में चिंता बढ़ा दी है। मौसम की बदलती परिस्थितियों के बीच तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में भारी से बहुत भारी वर्षा की चेतावनी जारी की गई है। संभावित खतरे को देखते हुए 2 नवंबर को चेन्नई के सभी विद्यालयों में अवकाश घोषित किया गया है। प्रशासन का यह निर्णय विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर लिया गया है। चक्रवाती तूफान की आहट ने एक बार फिर यह प्रश्न सामने ला दिया है कि प्राकृतिक आपदाओं के समय जनजीवन को सुरक्षित रखने के लिए कितनी सतर्कता और तैयारी आवश्यक है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, मुरासु चक्रवाती तूफान बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिमी और उससे लगे पश्चिम-मध्य क्षेत्र में सक्रिय है। 1 नवंबर की शाम यह चेन्नई से लगभग 420 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में स्थित था और उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर बढ़ रहा था। मौसम विभाग ने इसके अधिक शक्तिशाली चक्रवाती तूफान में बदलने की आशंका जताई थी। पूर्वानुमान के अनुसार, इसके आंध्र प्रदेश के दक्षिणी तट पर नेल्लोर और नरसापुर के बीच, ओंगोल के आसपास, 2 नवंबर की देर रात से 3 नवंबर की सुबह के बीच पहुँचने की संभावना है। उस समय हवा की गति 100 से 110 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुँच सकती है और झोंकों की गति 120 किलोमीटर प्रति घंटा तक होने की आशंका है। चक्रवाती तूफान का केंद्र किसी स्थान से दूर होने का अर्थ यह नहीं है कि वहाँ खतरा नहीं है। तूफान के चारों ओर फैले बादल, वर्षा की पट्टियाँ और तेज हवाएँ दूरवर्ती क्षेत्रों को भी प्रभावित कर सकती हैं। चेन्नई और तिरुवल्लूर जिलों के लिए भारी से बहुत भारी वर्षा की चेतावनी जारी की गई है। वहीं चेंगलपट्टू, कांचीपुरम, रानीपेट, वेल्लोर और नीलगिरि सहित तमिलनाडु के अन्य क्षेत्रों में भी भारी वर्षा की आशंका जताई गई है। कुछ स्थानों पर गरज, बिजली और तेज हवाओं के साथ वर्षा हो सकती है। इन परिस्थितियों में जलभराव, यातायात बाधित होने और बिजली आपूर्ति प्रभावित होने जैसी समस्याएँ उत्पन्न हो सकती हैं। चेन्नई में विद्यालयों को बंद रखने का निर्णय इसी संभावित खतरे को ध्यान में रखकर लिया गया है। विद्यालय जाने वाले बच्चों को प्रतिदिन घर से निकलकर परिवहन के विभिन्न साधनों से अपने शिक्षण संस्थानों तक पहुँचना पड़ता है। भारी वर्षा के दौरान सड़कों पर पानी भर जाने, नालों के उफनने और यातायात की गति धीमी होने से उनकी यात्रा जोखिमपूर्ण हो सकती है। कई बार सामान्य दिखाई देने वाली सड़क पर भी पानी की गहराई का अनुमान लगाना कठिन होता है। खुले नालों, गड्ढों और जलमग्न विद्युत उपकरणों के कारण दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है। ऐसी स्थिति में विद्यालयों में अवकाश घोषित करना केवल शैक्षणिक गतिविधियाँ रोकना नहीं, बल्कि बच्चों और उनके परिवारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का एक आवश्यक उपाय है।



प्राकृतिक आपदाओं के समय प्रशासन की जिम्मेदारी केवल चेतावनी जारी करने तक सीमित नहीं रहती। मौसम की स्थिति पर लगातार नजर रखना, नागरिकों तक समय पर सूचना पहुँचाना, संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान करना और आवश्यकतानुसार राहत व्यवस्था तैयार रखना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। तमिलनाडु के राजस्व प्रशासन और आपदा प्रबंधन विभाग ने जिला अधिकारियों को सतर्क रहने तथा निर्धारित आपदा प्रबंधन प्रक्रियाओं का पालन करने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों से प्रशासनिक तंत्र को सक्रिय रखने, आवश्यक तैयारियाँ करने और किसी भी अप्रिय घटना की सूचना तत्काल राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र तक पहुँचाने को कहा गया है।

चेन्नई जैसे बड़े नगरों के सामने चक्रवाती तूफान के समय कई तरह की चुनौतियाँ एक साथ खड़ी हो जाती हैं। यहाँ बड़ी आबादी रहती है, यातायात का दबाव अधिक है और अनेक क्षेत्र वर्षा के दौरान जलभराव से प्रभावित होते हैं। यदि कुछ घंटों में बहुत अधिक पानी बरसता है, तो सड़कों पर आवागमन बाधित हो सकता है। निचले इलाकों में रहने वाले परिवारों को विशेष कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। दुकानदारों, छोटे कारोबारियों, दैनिक मजदूरी करने वालों और सार्वजनिक परिवहन पर निर्भर लोगों की आजीविका भी प्रभावित होती है। इसलिए चक्रवाती तूफान से निपटने की तैयारी में केवल तात्कालिक राहत नहीं, बल्कि नगर की दीर्घकालिक व्यवस्था पर भी ध्यान देना चाहिए।

वर्षा का पानी प्राकृतिक जलमार्गों से निकलकर नदियों, झीलों और समुद्र तक पहुँचता है। जब इन जलमार्गों पर अतिक्रमण होता है, नालों में कचरा जमा रहता है या जल निकासी की व्यवस्था पर्याप्त नहीं होती, तब सामान्य से अधिक वर्षा भी गंभीर समस्या बन सकती है। अनियोजित निर्माण और प्राकृतिक जलस्रोतों की उपेक्षा नगरों की संवेदनशीलता बढ़ाती है। चेन्नई सहित अनेक तटीय नगरों के लिए यह आवश्यक है कि वर्षा जल निकासी की व्यवस्था नियमित रूप से जाँची जाए, नालों की सफाई समय पर हो और बाढ़ की आशंका वाले क्षेत्रों में पहले से तैयारी रखी जाए।

इस घटना का प्रभाव केवल तमिलनाडु तक सीमित नहीं माना जा सकता। मुरासु के आंध्र प्रदेश के तट की ओर बढ़ने के कारण वहाँ भी प्रशासन सतर्क है। समुद्र तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों, मछुआरों और समुद्र पर निर्भर समुदायों के लिए ऐसी परिस्थितियाँ विशेष रूप से चुनौतीपूर्ण होती हैं। समुद्र में ऊँची लहरें उठने और तेज हवाएँ चलने के दौरान मछली पकड़ने वाली नौकाओं का संचालन जोखिमपूर्ण हो सकता है। मौसम विभाग की चेतावनियों का पालन करना और समुद्र में जाने से बचना ऐसे समय में जीवन की रक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। चक्रवाती तूफान के समय नागरिकों की भूमिका भी महत्वपूर्ण हो जाती है। लोगों को मौसम विभाग और स्थानीय प्रशासन की आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करना चाहिए। बिना पुष्टि वाली खबरों और भ्रामक संदेशों को आगे भेजने से बचना चाहिए। घरों में पीने का पानी, आवश्यक खाद्य सामग्री, प्राथमिक उपचार की वस्तुएँ, टॉर्च और आवश्यक औषधियाँ उपलब्ध रखना उपयोगी हो सकता है।

सेहत

यूरिक एसिड को कंट्रोल करेगा अदरक का जूस

अगर यूरिक एसिड बढ़ने से आपके जोड़ों में सूजन बढ़ रही है और उठने-बैठने में परेशानी हो रही है, तो परेशान न हों। हम आपके लिए लाए हैं कुछ बेहतरीन सब्जियों के जूस, जिसे पीने से आपका यूरिक एसिड कंट्रोल में आने लगेगा। आजकल की फास्ट फॉरवर्ड लाइफ में लोग कई तरह की बीमारियों से परेशान हैं, जिसके चलते उन्हें कई गंभीर समस्या का सामना करना पड़ता है। उन्हीं में से एक है यूरिक एसिड, इसमें किडनी से लेकर, लीवर और हड्डियां भी कमजोर होने लगती हैं। यूरिक एसिड के कारण और भी कई स्वास्थ्य संबंधित समस्या होने का खतरा बढ़ जाता है। आजकल यह किसी भी उम्र के लोगों को हो सकता है। अनहेल्दी खानपान और लाइफस्टाइल के कारण यह समस्या बढ़ती जा रही है। जब किडनी किसी भी वेस्ट प्रोडक्ट को फिल्टर नहीं कर पाता है, तो शरीर में यूरिक एसिड की मात्रा बढ़ जाती है। यूरिक एसिड बढ़ जाने से गाउट की समस्या हो जाती है, जिससे जोड़ों में दर्द और सूजन होने लगती है। ऐसे में इस गंभीर परिस्थिति को कंट्रोल करने के लिए आप जूस पी सकते हैं। आइए जानते हैं कौन-कौन से जूस यूरिक एसिड से छुटकारा दिलाने में आपकी मदद करेंगे। ग्रीन टी का इस्तेमाल बॉडी के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। लेकिन, क्या आप जानते हैं, ग्रीन टी का सेवन करने से यूरिक एसिड को भी कंट्रोल किया जा सकता है। अगर आप रोजाना एक कप ग्रीन टी का सेवन करते हैं, तो इससे यूरिक एसिड कुछ ही दिनों में कंट्रोल हो जाता है।

खीरे के जूस को कहें हैलो

खीरा के जूस का सेवन करने से यूरिक एसिड को कंट्रोल किया जा सकता है। क्योंकि खीरा के जूस में प्रचुर मात्रा में पोटेशियम और फॉस्फोरस पाया जाता है। जो किडनी को डिटॉक्स करने का काम करते हैं, इसलिए अगर आप खीरा के जूस का सेवन करते हैं, तो इससे यूरिक एसिड कंट्रोल हो जाता है।

दिल्ली की विपक्ष लीला : कितना पास, कितना फेल?

अशोक भाटिया

दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में विपक्ष की इंडिया गठबंधन की हालिया वोट बचाओ, देश बचाओ रैली भारतीय राजनीति के इतिहास में एक बहुत बड़े रणनीतिक ब्लंडर और विफलता के रूप में दर्ज की गई है। इस भव्य स्तर पर आयोजित की गई राजनीतिक रैली का मुख्य उद्देश्य 2027 के आगामी चुनावों के लिए विपक्ष की एकजुटता दिखाना, शक्ति प्रदर्शन करना और विभिन्न मुद्दों पर सरकार को चारों तरफ से घेरना था। लेकिन अगर जमीन पर इस पूरी कवायद का निष्पक्ष विश्लेषण किया जाए, तो यह रैली अपनी बेहद कमजोर टाइमिंग, पूरी तरह से नकारात्मक नैरेटिव और आंतरिक विरोधाभासों के कारण जनता के बीच पूरी तरह नाकाम और प्रभावहीन साबित हुई। इस रैली की करारी विफलता ने न केवल कांग्रेस नेता राहुल गांधी के राजनीतिक नेतृत्व और उनकी रणनीतिक समझ पर एक बार फिर से गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं, बल्कि इंडिया गठबंधन के वैचारिक और रणनीतिक खोखलेपन को भी देश की जनता के सामने पूरी तरह से उजागर कर दिया है। एक सफल और प्रभावी राजनीतिक आयोजन हमेशा वही माना जाता है जो आम जनता की बुनियादी आकांक्षाओं, उनके सुख-दुख और उनकी रोजमर्रा की समस्याओं से सीधा जुड़ता है, लेकिन दुर्भाग्य से यह रैली केवल विपक्षी नेताओं की अपनी व्यक्तिगत कुंठाओं, राजनीतिक असुरक्षाओं और एकतरफा एजेंडे को जबरन थोपने का एक बंद मंच बनकर रह गई। इस रैली की ऐतिहासिक नाकामी की सबसे पहली और सबसे बड़ी वजह इसकी बेहद गलत और संवेदनहीन टाइमिंग रही, जिसने दिल्ली की जनता को नाराज करने का काम किया। पूरा देश और विशेष रूप से उत्तर भारत इस समय दीपावली, भाईदूज, गोवर्धन पूजा और छठ पूजा जैसे साल के सबसे बड़े और महत्वपूर्ण त्योहारों के सीजन में पूरी तरह से व्यस्त और मग्न है। दिल्ली जैसे विशाल महानगर में, जहां इन प्रमुख त्योहारों के दौरान व्यापारिक गतिविधियां अपने चरम पर होती हैं और लाखों लोग खरीदारी तथा उत्सव की तैयारियों के लिए सड़कों पर निकलते हैं, वहां विपक्षी नेताओं ने अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए रामलीला मैदान को चुना। इस अदूरदर्शी फैसले का सीधा नतीजा यह हुआ कि पूरी पुरानी दिल्ली, मध्य दिल्ली और उसके आसपास के सभी प्रमुख मार्गों पर घंटों लंबा भयंकर ट्रैफिक जाम लग गया, जिससे आम जनता, दफ्तर जाने वाले कर्मचारियों और त्योहार की खरीदारी करने निकले परिवारों को भारी मानसिक हुड्डस शारीरिक असुविधा का सामना करना पड़ा। चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंफ्रास्ट्रक्चर जैसी दिल्ली की प्रमुख व्यापारिक संस्थाओं ने इस आयोजन से पहले ही स्पष्ट रूप से चेतावनी दी थी कि त्योहारों के इस अति-महत्वपूर्ण सीजन में ऐसी बड़ी राजनीतिक रैली करने से दिल्ली के स्थानीय व्यापारियों को लगभग 10,000 करोड़ रुपये का भारी व्यापारिक नुकसान हो सकता है। जब कोई राजनीतिक गठबंधन आम जनता और छोटे-बड़े व्यापारियों के त्योहार की खुशियों, उनकी कमाई और उनकी रोजी-रोटी को दांव पर लगाकर अपनी राजनीति चमकाने की स्वार्थी कोशिश करता है, तो जनता के बीच उसका संदेश कभी भी सकारात्मक नहीं जा सकता।

विपक्ष ने इस रैली के जरिए दिल्ली की जनता को राहत देने के बजाय केवल और केवल परेशानी दी, जिसने रैली के औपचारिक रूप से शुरू होने से पहले ही उसकी असफलता की पूरी पटकथा लिख दी थी। रैली का दूसरा सबसे कमजोर और निराशाजनक पहलू कांग्रेस नेता राहुल गांधी का मुख्य भाषण और उनका पूरी तरह से नकारात्मक नैरेटिव रहा। आधुनिक भारतीय राजनीति में देश का आम मतदाता हमेशा एक ऐसे परिपक्व नेता को पसंद करता है जो देश के सामने विकास का एक सकारात्मक विजन, आर्थिक प्रगति का ठोस रोडमैप और भविष्य की कल्याणकारी नीतियां रखता है। लेकिन राहुल गांधी का पूरा संबोधन एक बार फिर पुरानी ढर्रे पर चलते हुए केवल व्यक्तिगत आक्षेपों, संवैधानिक संस्थाओं पर तीखे हमलों और गहरी राजनीतिक नकारात्मकता से भरा रहा। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को रैली का सबसे मुख्य और केंद्रीय मुद्दा बना दिया और मतदाता सूची में संशोधन जैसे बेहद जटिल, तकनीकी और प्रशासनिक मुद्दों पर जनता को भड़काने तथा गुमराह करने की असफल कोशिश की।

ज्ञानवाणी

जिन्दगी

रात के दो बजे का सन्नाटा था। सड़क के उस पार एक चाय का ठेला अब बुझ चुका था। हल्की ठंडी हवा चल रही थी, और उसी सड़क के किनारे पुराने बेंच पर देव बैठा आसमान की ओर टकटकी लगाए देख रहा था। उसकी आँखों में नींद नहीं, दर्द था। होंठों पर बस एक खामोश अरदास थी —

ए ज़िन्दगी, तू भी कभी माँ जैसी बन जा, ज़रा सी माँगूँ तो बाँहों में पूरा जहाँ दे दे।

देव की ज़िन्दगी बहुत छोटी उम्र में ही बदल गई थी। जब वह बारह साल का था, तभी माँ दुनिया छोड़ गई। पिता ने ग़म भुलाने के लिए शराब का सहारा लिया, और घर का सारा बोझ देव के कंधों पर आ गया। बचपन की मासूम हँसी अब ज़िम्मेदारियों के बोझ तले दब चुकी थी।

दिन में कॉलेज, शाम को होटल में वेटर का काम, और रात को ऑनलाइन क्लास। देव के लिए ज़िन्दगी अब एक युद्ध थी। वो हर दिन लड़ता था — वक़्त से, हालात से, और कभी-कभी खुद से भी। एक रात जब होटल के मैनेजर ने उसे झूठे आरोप में नौकरी से निकाल दिया, तो देव का सब्र टूट गया। वो सड़क पर भटकता हुआ उसी मोड़ तक चला गया, जहाँ कभी बचपन में माँ उसका हाथ पकड़कर स्कूल छोड़ने जाया करती थी। बेंच पर बैठते ही आँखें भर आईं —

माँ तू होती तो शायद कहती — मत डर बेटा, मैं हूँ यहाँ

वो देर तक आसमान की तरफ देखता रहा। उसी वक्त हवा का एक झोंका उसके चेहरे से टकराया। उसे लगा जैसे माँ ने माथे पर हाथ रखा हो। कानों में वही जानी-पहचानी आवाज़ गूँज उठी

बेटा, ज़िन्दगी ठोकर नहीं देती, रास्ता दिखाती है। हर दर्द एक सबक है, हर गिरना सिखाता है कि कहाँ संभलना है।

देव ने आँखें पोंछीं और खुद से कहा —

अब और नहीं दूटूंगा। माँ अगर ऊपर से देख रही होगी तो चाहेगी कि मैं कुछ बनूँ।

अगले दिन उसने अपनी पुरानी डायरी और स्केचबुक निकाली - वो जिसे उसने सालों से नहीं छुआ था। माँ कहा करती थी, तेरे हाथों में हुनर है बेटा, रंगों से तू कहानियाँ लिख सकता है। देव ने छोटे-छोटे स्केच बनाने शुरू किए, फिर उन्हें सोशल मीडिया पर डालने लगा। शुरुआत में किसी ने ध्यान नहीं दिया, पर उसने हार नहीं मानी। कुछ ही महीनों में उसकी कला लोगों के दिलों तक पहुँचने लगी। एक दिन उसे एक बड़े आर्ट गैलरी से कॉल आया — देव, हम तुम्हारी पेंटिंग्स को प्रदर्शित करना चाहते हैं। वो पल देव के लिए किसी चमत्कार से कम नहीं था। वह आसमान की तरफ देखकर बोला - देखा माँ, तूने कहा था ना - ज़िन्दगी भी माँ जैसी बन सकती है, बस उसे पहचानना सीखो-

उसकी पहली प्रदर्शनी के दिन दीवारों पर टंगी हर पेंटिंग एक कहानी कह रही थी — दर्द, संघर्ष, उम्मीद और ममता की। और हर फ्रेम के नीचे लिखा था —

जो माँ से बढ़कर चाहत हो, वही असली ज़िन्दगी है।

शाम को जब भीड़ कम हुई, देव बाहर आया। ठंडी हवा चल रही थी। उसने आसमान की ओर देखा — तारे ऐसे चमक रहे थे जैसे कोई आँखों से आशीर्वाद दे रहा हो।

और तभी उसे महसूस हुआ —जैसे किसी ने फुसफुसाकर कहा हो — मत डर बेटा, मैं हूँ यहाँ।

देव की आँखों से आँसू बह निकले, पर इस बार उनमें दर्द नहीं था, सुकून था। क्योंकि अब उसे समझ आ गया था — ज़िन्दगी ठोकर नहीं देती, रास्ता बनाती है। और जब ईसान हार मानने ही वाला होता है, तभी वो माँ बनकर उसे गले लगा लेती है।

आज का इतिहास

1493 क्रिस्टोफर कोलंबस ने डोमिनिका द्वीप की खोज की।
1762 ब्रिटेन और स्पेन के बीच पेरिस की संधि हुई।
1762 ब्रिटेन और स्पेन ने पेरिस की संधि पर हस्ताक्षर किए।
1796 अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में जॉन एडम्स ने थॉमस जेफरसन को हराया।
1796 जॉन एडम्स अमेरिका के राष्ट्रपति चुने गये।
1804 सेंट लुई की संधि पर क्वाशक्वैम और विलियम हेनरी हैरिसन द्वारा हस्ताक्षर किए गए, संधि के आसपास के विवाद में अंतत: 1812 के युद्ध के दौरान साहब लोगों को ब्रिटिश साम्राज्य के साथ सहयोग करने का कारण बना और 1832 के ब्लैक हॉक वॉर के मुख्य कारण है।
1812 रूस-अस नेपोलियन के ग्रैंड आर्मी पर फ्रांसीसी आक्रमण पीछे हटने लगे, इसके पीछे के गार्ड को व्याज़मा की लड़ाई में हराया गया था।
1826 पेरिस स्टॉक एक्सचेंज पलाइस डे ला बोउर्से पर खोला गया।
1868 अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव 1868: यूलीसिस एस ग्रांट ने चुनाव में होरेटियो सेमोर को हराया।
1903 पनामा को कोलंबिया से आजादी मिली।
1906 एसओएस एक अंतरराष्ट्रीय संकट संकेत बना।
1918 पोलैंड ने रूस से अपनी स्वतंत्रता का ऐलान किया।
1924 लॉस एंजिल्स में आने वाले न्यूमोनिक प्लेग के कारण होने वाली मौतों की संख्या 25 तक पहुंच गई है। स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा एहतियाती कदम उठाए गए हैं, जिसमें उन क्षेत्रों को सील कर अलग कर दिया गया है जहां मौतें हुई हैं। यह प्लेग चूहों के कारण माना जाता है और उन्हें मारने के लिए कार्रवाई की जाएगी।
1928 तुर्की की भाषा के लिए अरबी की बजाय रोमन लिपि के इस्तेमाल की शुरूआत हुई।
1933 अर्थशास्त्री और नोबेल पुरस्कार विजेता अमर्त्य सेन का जन्म पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में हुआ।
1935 एक यूनानी जनमत संग्रह में लगभग 98# वोटों ने जॉर्ज द्वितीय को हेलेन के राजा के रूप में बहाल करने का समर्थन किया।

महिला सुरक्षा : सिर्फ कानून नहीं समाज की सोच भी बदलनी होगी

उमा सिंह

हाल की बात है, एक इवेंट से लौटते हुए हालात यूं बने कि पीक टाइम में लोकल ट्रेन के पुरुषों वाले डिब्बे में चढ़ना पड़ा। मुंबई लोकल से राब्ता रखने वाले जानते हैं कि शाम पांच बजे के बाद उसमें चढ़ना किसी जंग से कम नहीं होता। उस पर लड़की होकर जेंट्स डिब्बे में चढ़ना तो हिमाकत ही है, लेकिन थोड़ी खाली जगह दिख रही थी और लेडीज डिब्बे तक पहुंचने में ट्रेन छूटने का डर था, इसलिए यह सोचकर चढ़ गई कि अगले स्टेशन पर बोगी बदल लूंगी। फिर भी दिल में धुकधुकी थी कि कहीं कोई हाथ या उंगली आकर इस गलती की सजा न सुना दे। लेकिन हुआ इससे बिल्कुल उलट। मेरे अगल-बगल खड़े पुरुषों ने यह सुनिश्चित किया कि जब तक मैं वहां रहूं, मुझे कहीं से धक्का न लगे और मैं स्टेशन पर सुरक्षित उतर सकूं। सच कहूं तो मेरे लिए यह किसी सुखद सपने जैसा था। मन पूछ रहा था कि आखिर किस मिट्टी से बनते हैं इस शहर के मर्द, जो भीड़ में अकेली लड़की देखकर उसे इधर-उधर छूने, धकियाने या मौके का फायदा उठाने के बारे में नहीं सोचते। क्योंकि उत्तर प्रदेश और दिल्ली में बड़े होते हुए और नौकरी के दौरान मैंने हर सड़क, बस व ट्रेन में यही अनुभव किया था। स्कूल हो या दफ्तर, आते-जाते किसी लड़के का एक लड़की की साइकिल-स्कूटी का पीछा करना, कॉमेंट करना, सुनसान जगहों पर रोकने की कोशिश करना आम है। ट्रेन, बस और ऑटो की भीड़ का फायदा उठाकर महिलाओं को छूने की घटनाएं कमोबेश हर रोज होती ही हैं। फिर ये



कौन से मर्द हैं, जो एक अनजान लड़की की सुरक्षा की परवाह किसी अपने की तरह करते हैं। मुंबई में ऐसा अनुभव तब भी हुआ था, जब रात के 1 बजे अकेली स्कूटी चलाकर स्टेशन से घर गई थी और किसी आंख ने घूरा नहीं, किसी जुबान ने कुछ कहा नहीं। तभी समझ में आ गया था कि मुंबई को लड़कियों के लिए सबसे सुरक्षित शहर यूं ही नहीं कहा जाता। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की 2023 रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 13,366 मामले दर्ज हुए, जो मुंबई के 6,025 मामलों से दोगुने से भी अधिक थे। आखिर ऐसा क्या है इस शहर में? बिहार के जमुई के पुरुष ऐसे क्यों नहीं हो सकते, जो धुंधलके में अपने दोस्त के साथ जा रही किशोरी के साथ ज्यादती करने के बजाय उसके सुरक्षित घर पहुंचने की चिंता करें या दिल्ली के किसी पार्क में अकेली बैठी लड़की को उसकी आजादी एंजॉय करने दें। आखिर क्या बनाता है, मुंबई को विमन फ्रेंडली और सेफ सिटी, जिसे देश के बाकी राज्यों को भी अपनाना चाहिए। इसकी बड़ी वजह है इस शहर की संस्कृति। यहां औरतें घर से बाहर निकलकर काम करती रही हैं। इसमें किसी कंपनी की इच्छा से लेकर ट्रेन में चकली-चिंदड़ा बेचने वाली मौशी तक शामिल हैं। ये सभी देर रात तक बेधड़क काम करती हैं, सो यहां के मर्द किसी लड़की को रात में बाहर देखकर यह नहीं सोचते कि ये इतनी देर तक क्यों घूम रही है? उन्हें पता है कि वह काम से लौट रही है। यहां रात में लड़की का अकेली बाहर होना उसकी बदचलनी की निशानी नहीं माना जाता। दूसरी बात, इस शहर में सामान्य तौर पर भीड़ इतनी ज्यादा है कि छेड़छाड़ जैसी घटनाओं की आशंका भी कम हो जाती है।

सोच अलग - इसकी बड़ी वजह है इस शहर की संस्कृति। यहां औरतें घर से बाहर निकलकर काम करती रही हैं। इसमें किसी कंपनी की इच्छा से लेकर ट्रेन में चकली-चिंदड़ा बेचने वाली मौशी तक शामिल हैं। ये सभी देर रात तक बेधड़क काम करती हैं, सो यहां के मर्द किसी लड़की को रात में बाहर देखकर यह नहीं सोचते कि ये इतनी देर तक क्यों घूम रही है? उन्हें पता है कि वह काम से लौट रही है। यहां रात में लड़की का अकेली बाहर होना उसकी बदचलनी की निशानी नहीं माना जाता। दूसरी बात, इस शहर में सामान्य तौर पर भीड़ इतनी ज्यादा है कि छेड़छाड़ जैसी घटनाओं की आशंका भी कम हो जाती है। सोशल मीडिया पर हाल ही में एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें छेड़खानी के आरोपी को लोग उल्टा टांग कर ले जा रहे थे। यही यहां की महिलाओं के सुरक्षित होने की बड़ी वजह है। यहां पुलिस महिला सुरक्षा के लिए हमेशा पाबंद रहती है। फिर चाहे रात में ट्रेन के महिला डिब्बों में पुलिस की मौजूदगी हो या उन्हें तुरंत मदद पहुंचाने के लिए तत्पर आरपीएफ स्मार्ट सखी जैसे वाट्सएप ग्रुप।

टीही-धार रेलखंड पर इलेक्ट्रिक लोको का सफल स्पीड ट्रायल, बिजली से लैस रेलमार्ग पर परखी गई ट्रैक और सिग्नलिंग की क्षमता

पटरियों पर दौड़ी 130 की रफ्तार, इंदौर-दाहोद रेल परियोजना ने भरी नई उड़ान!

5 और 6 नवंबर को रेल संरक्षा आयुक्त करेंगे निरीक्षण, 130 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से परीक्षण का प्रस्ताव



पीथमपुर। इंदौर-दाहोद नई रेल लाइन परियोजना के तहत टीही-धार रेलखंड पर सोमवार को इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव का सफल स्पीड ट्रायल किया गया। परीक्षण के दौरान इलेक्ट्रिक लोको को अधिकतम 130 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ाया गया।

यह उपलब्धि क्षेत्र में रेल कनेक्टिविटी के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। इस ट्रायल के माध्यम से रेलखंड पर ट्रैक, विद्युतीकरण और सिग्नलिंग व्यवस्था की कार्यक्षमता को परखा गया। टीही-धार रेलखंड पर अलग-अलग चरणों में गति बढ़ाते हुए परीक्षण किया गया। इसमें पहले टीही से धार तक 30 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से लोको चलाया गया। इसके बाद धार से टीही की ओर वापसी के दौरान गति 75 किलोमीटर प्रति घंटे रखी गई। तीसरे चरण में टीही से धार की ओर 110 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से परीक्षण किया गया। अंतिम चरण में धार से टीही की ओर इलेक्ट्रिक लोको को अधिकतम 130 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चलाया गया।

चार चरणों में परखी गई रेलखंड की क्षमता–स्पीड ट्रायल के दौरान अलग-अलग गति पर रेलखंड की स्थिति और तकनीकी व्यवस्थाओं का परीक्षण किया गया। अधिकतम 130 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार तक सफल परीक्षण से इस रेलखंड की तकनीकी तैयारियों को परखने में मदद मिली है। हालांकि, रेलखंड पर नियमित रेल परिचालन शुरू होने के संबंध में अंतिम स्थिति संबंधित निरीक्षण और आवश्यक स्वीकृतियों के बाद ही स्पष्ट होगी।

25 हजार वोल्ट की बिजली से हुआ विद्युतीकरण परीक्षण–टीही-धार रेलखंड पर 25 केवी एसी ओवरहेड विद्युत लाइन को ऊर्जीकृत किया गया है। इसके बाद इलेक्ट्रिक लोको के माध्यम से परीक्षण किया गया। इस दौरान रेलवे ट्रैक, विद्युत लाइन और सिग्नलिंग प्रणाली से जुड़ी व्यवस्थाओं की जांच की गई। इलेक्ट्रिक लोको के सफल ट्रायल को रेलखंड पर विद्युतीकरण से संबंधित कार्यों की प्रगति के लिहाज से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

5 और 6 नवंबर को रेल संरक्षा आयुक्त का निरीक्षण–रेलवे की योजना के अनुसार, पश्चिमी सर्किल के रेल संरक्षा आयुक्त ई. श्रीनिवास 5 और 6 नवंबर 2026 को इस रेलखंड का निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण के दौरान 130 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से परीक्षण किए जाने का प्रस्ताव है। रेल संरक्षा आयुक्त के निरीक्षण और निर्धारित प्रक्रिया के बाद ही रेलखंड की परिचालन संबंधी तैयारियों पर आगे की स्थिति स्पष्ट होगी। इस परीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता निर्माण धीरज कुमार सहित रेलवे के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों की मौजूदगी में किए गए इस ट्रायल के माध्यम से रेलखंड की तकनीकी व्यवस्थाओं को जांचने की प्रक्रिया आगे बढ़ी है।



नेट बैंकिंग से खाते से उड़ाए 2.41 लाख रुपए

इंदौर (नगर संवाददाता)। कनाड़िया थाना क्षेत्र की वास्तुसिटी रामेश्वरम कॉलोनी में पीडीएफ फाइल के जरिए ऑनलाइन धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। फरियादी प्रवीण कानूनगो (65) निवासी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनकी पत्नी के मोबाइल पर किसी अज्ञात नंबर से एक पीडीएफ फाइल भेजी गई थी। जैसे ही उनकी पत्नी ने उस फाइल को डाउनलोड किया, उनका फोन तुरंत हैक हो गया। कुछ ही देर में खाते से ऑनलाइन 2 लाख 41 हजार रुपए किसी अन्य बैंक खाते में ट्रांसफर कर लिए गए। परिवार को इस शातिरना खेल की भनक तब लगी, जब अगले दिन सुबह बैंक से ट्रांजेक्शन के मैसेज आए। तब तक बहुत देर हो चुकी थी और ठग सारी रकम उड़ा चुके थे। कनाड़िया पुलिस ने प्रवीण की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस अब उस मोबाइल नंबर और संदिग्ध बैंक खाते की तकनीकी डिटेल खंगाल रही है, जिसमें रकम ट्रांसफर हुई है, ताकि जल्द से जल्द आरोपियों तक पहुंचा जा सके।

महापौर कार्यालय को मिला ई मेल,जांच में जुटी पुलिस हुई अलर्ट

सिंगर दिलजीत के शो को बम से उड़ाने की धमकी

इंदौर (नगर संवाददाता)। आगामी 15 नवंबर को सी 21 मैदान में मशहूर पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ का कान्सर्ट शो होने वाला है। जिसको लेकर तैयारियां चल रही हैं। इन तैयारियों के बीच महापौर पुष्यमित्र भार्गव के दफ्तर समेत तीन स्कूलों को धमकी भरा ई मेल आया है जिसमें कान्सर्ट के दौरान आईईडी से धमाके की चेतावनी दी गई है।



यह ई-मेल खालिस्तानी नेशनल आर्मी के नाम से भेजा गया है। ई-मेल में इंदौर शो के दौरान आईईडी ब्लास्ट करने की बात कही गई है। मामले में एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया का कहना है कि तीन स्कूलों को धमकी भरे ई-मेल मिले हैं। इनमें चेतावनी दी गई है कि 15 नवंबर को होने वाले दिलजीत दोसांझ के कार्यक्रम में अपने बच्चों को न भेजें, क्योंकि वहां बम धमाके किए जाएंगे। एहतियात के तौर पर राजेश दंडोतिया ने स्कूलों के नाम बताने से इनकार किया है। उनके मुताबिक, ई-मेल की तकनीकी जांच की जा रही है। वहीं आयोजन स्थल पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं।

एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि स्कूलों को सोमवार सुबह ई-मेल प्राप्त हुए हैं। एहतियात के तौर पर पुलिस ने स्कूलों के नाम सार्वजनिक नहीं किए हैं। ईमेल की तकनीकी जांच की जा रही है। बता दें, दिलजीत दोसांझ का कॉन्सर्ट सी-21 मैदान में प्रस्तावित है। इससे पहले भी कार्यक्रम को लेकर धमकियां मिलने की बात सामने आ चुकी है। धमकी के पीछे सिख फॉर जस्टिस संगठन की नाराजगी को वजह बताया जा रहा है। संगठन ने दिलजीत द्वारा अमिताभ बच्चन के पैर छूने पर आपत्ति जताई थी। फिलहाल पुलिस मेल की सत्यता और भेजने वाले की पहचान का पता लगाने में जुटी है।

पुलिस अलर्ट, बीडीएस से करवाई जांच

धमकी भरा ई मेल मिलने के बाद पुलिस अलर्ट हो गई है। इसके चलते जहां आयोजन स्थल पर कड़े सुरक्षा इंतजाम किए जा रहे हैं, वहीं तीनों स्कूलों में बीडीएस से जांच भी कराई गई है।

होटल में चल रहा था जुआ, हजारों रुपए के साथ छह गिरफ्तार



इंदौर। लसूड़िया पुलिस ने होटल माधव के कमरा नंबर 102 में चल रहे जुए के फड़ पर कार्रवाई करते हुए छह लोगों को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों को ताश के पत्तों पर हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेलते हुए पकड़ा। पकड़े गए आरोपियों की पहचान प्रशांत चौरसिया, केशव चौरसिया, जयराम चौरसिया, नंदकिशोर चौरसिया, बालकिशन और ब्रजकिशोर के रूप में हुई है। सभी के कब्जे से कुल 27,920 रुपए नकद और 52 ताश के पत्ते जब्त किए गए। पुलिस ने उपनिरीक्षक शैलेन्द्र सिंह ठाकुर की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है।

युवक को बेल्ट और नुकीली वस्तु से पीटा



इंदौर। ग्राम पिपल्या मल्हार रोड पर मजदूरी के रुपए मांगने की बात पर एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। फरियादी जितेन्द्र कुमार (22), निवासी ग्राम लारघास, जिला टीकमगढ़, हाल मुकाम ग्राम केवटी ने किशनगंज पुलिस को बताया कि 1 अक्टूबर को राजपूत ढाबे के पहले आरोपियों से मजदूरी के पैसों को लेकर विवाद हो गया था। इस दौरान अरमान पटेल और अरबाज पटेल ने गाली-गलौज करते हुए बेल्ट और किसी नुकीली वस्तु से उसकी पीठ पर हमला कर दिया। आरोपियों ने उसे जान से खत्म करने की धमकी भी दी। फरियादी की शिकायत पर किशनगंज पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

बिना लाइसेंस बेच रहा था पटाखे

इंदौर। हीरानगर पुलिस ने श्यामनगर मेन इलाके में मकान पर दबिश देकर पटाखे और विस्फोटक सामग्री जब्त की है। आरोपी घर के बरामदे में ही दुकान लगाकर बेच रहा था। पुलिस ने मौके से मनोज मनोज पिता हरिशंकर को पकड़ा। जब्त सामग्री की कीमत एक लाख रुपए है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त ओमप्रकाश के मार्गदर्शन और सहायक पुलिस आयुक्त रुबीना मिजवानी के निर्देशन में पुलिस अवैध पटाखों के कारोबार पर नजर रख रही थी। इसी क्रम में पिछले दिनों मोहल्ला बैठक कर लोगों को पटाखों के भंडारण और प्रतिबंधित कार्बाइड गन की बिक्री के खतरों के बारे में जागरूक किया जा रहा था। लोगों को ऐसे कारोबार की सूचना देने के लिए नंबर भी उपलब्ध कराए थे। इसी दौरान पटाखा बेचने की सूचना मिली थी। पुलिस ने मनोज से पटाखों के भंडारण और बिक्री का लाइसेंस मांगा, लेकिन वह कोई वैध अनुमति नहीं दिखा सका। इसके बाद पुलिस ने पटाखों व विस्फोटक सामग्री को जब्त कर लिया। पुलिस का कहना है कि त्योहार के दौरान सुरक्षा को देखते हुए बिना अनुमति पटाखों का भंडारण और बिक्री करने वालों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

सड़क से उतरकर खाई में गिरा वाहन, शिक्षक सहित 6 विद्यार्थी घायल

हिमाचल में इंदौर के बच्चे सड़क हादसे का शिकार



इंदौर।इंदौर (नगर संवाददाता)। इंदौर से शैक्षणिक व पर्यटन भ्रमण पर पहुंचे स्कूली विद्यार्थियों और उनके शिक्षक का टेंपो ट्रैवलर सोमवार को कोकसर क्षेत्र में अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतरकर खाई में जाकर पलट गया।

हादसे के वक्त वाहन में 11 बच्चे, एक शिक्षक और चालक मौजूद थे। दुर्घटना में शिक्षक समेत 7 विद्यार्थी चोटिल हुए हैं। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में किसी भी प्रकार का जानी नुकसान नहीं हुआ और सभी सुरक्षित हैं।

केलांग स्थित पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) के.डी. शर्मा के अनुसार, पुलिस चौकी कोकसर को सूचना मिली थी कि गर्ग एंड गर्ग प्लांट के समीप हिमाचल नंबर (एच 01ङ 9878) का एक टेंपो ट्रैवलर बेकाबू होकर पलट गया है। यह दल मनाली से रोहतांग दर्रे का भ्रमण करते हुए कोकसर के रास्ते अटल टनल की तरफ बढ़ रहा था। इसी दौरान तकनीकी खराबी या संतुलन बिगड़ने के चलते वाहन मुख्य मार्ग से नीचे उतरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना की सूचना प्राप्त होते ही कोकसर पुलिस की रेस्क्यू टीम तुरंत मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से सभी बच्चों और शिक्षक को सुरक्षित बाहर निकाला। मामूली व सामान्य रूप से घायल हुए बच्चों और शिक्षक को तुरंत नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिस्सू तथा मनाली के नागरिक अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों की देखरेख में उनका उपचार जारी है।

पुलिस चेकिंग में 6 आरोपी गिरफ्तार

इंदौर। विजय नगर थाना पुलिस ने विशेष चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस ने असामाजिक गतिविधियों को रोकने के लिए हॉटस्पॉट और शैडो एरिया में अंडरकवर निगरानी, टू-व्हीलर पेट्रोलिंग और ड्रोन सर्विलांस के जरिए चेकिंग की। इस दौरान लोकशांति भंग करने का प्रयास करने वाले 4 आरोपियों और धारदार हथियार लेकर घूम रहे 2 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, लोकशांति भंग करने का प्रयास करने पर देवेश कुशवाह निवासी मालवीय नगर, गौतम गौसर निवासी गुरुनगर, रितिक मालवीय निवासी कृष्णबाग कॉलोनी को घेराबंदी कर पकड़ा। तलाशी लेने पर दोनों के कब्जे से अवैध धारदार हथियार बरामद हुए। विजय नगर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

महिला से देवर के बेटे ने की मारपीट

इंदौर। गांधी नगर की बोहरा कॉलोनी में पुश्तैनी मकान में जाने को लेकर एक महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। चैनकुंवर सिंह राठौर (63) ने पुलिस को बताया कि 31 अक्टूबर को वह अपने पुश्तैनी मकान पर गई थीं। वहां उनके देवर हरिश्चंद्र राठौर का बेटा केवलेन्द्र राठौर मिला। उन्हें देखते ही उसने पूछा कि यहां क्यों आई हो। महिला ने कहा कि घर उनका भी है, इसलिए वह यहां आ सकती हैं। इसी बात पर आरोपी ने गाली-गलौज शुरू कर दी। महिला ने विरोध किया तो आरोपी ने लकड़ी के डंडे से मारपीट की और धक्का दे दिया, जिससे वह जमीन पर गिर गईं। महिला की शिकायत पर गांधी नगर पुलिस ने आरोपी केवलेन्द्र राठौर के खिलाफ केस दर्ज किया है।

शोरूम मैनेजर ने कहे अपशब्द, कर्मचारी ने की मारपीट

इंदौर। एयरपोर्ट रोड स्थित टीवीएस शोरूम में पेट्रोल की मात्रा को लेकर ग्राहक और शोरूम कर्मचारियों के बीच विवाद हो गया। ग्राहक धीरज लिम्बा (38), निवासी वृंदावन कॉलोनी ने पुलिस को बताया कि गाड़ी में पेट्रोल डलवाने के बाद उसने कर्मचारी से पूछा कि कितना पेट्रोल डाला है। कर्मचारी ने डेढ़ लीटर पेट्रोल डालने की बात कही। इस पर धीरज ने पेट्रोल की मात्रा चेक कराने की बात कही। इसी दौरान शोरूम मैनेजर राहुल पंवार बाहर आया और ग्राहकी बिगाड़ने का आरोप लगाते हुए गाली-गलौज करने लगा। धीरज ने विरोध किया तो उसे शोरूम के बाहर मिलने की बात कही गई। बाहर आते ही कर्मचारी अमन मकवाना ने पीछे से मुक्का मार दिया, जिससे उसकी दाहिनी आंख में चोट आई। धीरज की शिकायत पर एरोड्रम पुलिस ने राहुल पंवार, अमन मकवाना सहित यश व्यास और विशाल के खिलाफ केस दर्ज किया है।

दो स्थानों से पकड़ी हजारों रुपए की अवैध शराब

इंदौर (नगर संवाददाता)। मल्हारगंज और चंदन नगर पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए हजारों रुपए की अवैध शराब के साथ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पहली कार्रवाई में मल्हारगंज पुलिस ने बताया कि लटूर बाग ग्राउंड स्थित टीन शेड के पास से 7 पेटी देशी शराब जब्त की है। पुलिस ने महेंद्र यादव (43), निवासी कंडिलपुरा, गोकुलगंज को पकड़ा है। आरोपी के कब्जे से देशी सफेद प्लेन शराब के 350 क्वार्टर मिले। प्रत्येक क्वार्टर 180 एमएल का था। कुल शराब की मात्रा 63 लीटर और कीमत करीब 26,600 रुपए बताई गई है। इसी प्रकार चंदन नगर पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए नंदन नगर में गंगा बगीची के सामने से विनोद उर्फ विल्लू को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से काले रंग के कैरेट में रखी अंग्रेजी शराब की 23 बोतलें बरामद हुईं।

जीवन की नई पारी के लिए अग्रसर साथियों को दी शुभकामनाएं...


इन्दौर। पुलिस में अपनी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले इन्दौर पुलिस के 7 पुलिस अधिकारियों का विदाई समारोह 2 नवंबर को पलासिया स्थित पुलिस कमिश्नर कार्यालय के सभागार में आयोजित किया गया। पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह व अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आर. के. सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित उक्त कार्यक्रम में, अति. पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) श्रीमती सीमा अलावा, सहायक पुलिस आयुक्त (मुख्यालय) श्रीमती प्रीति जैन तिवारी की उपस्थिति में सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस अधीकारीगण - उप निरीक्षक मांगीलाल सोलंकी, उप निरीक्षक अशोक कुमार धुर्वे, उनि. भगवान सिंह राजपूत, उनि. हरिद्वार गुजरभोज, सहायक उप निरीक्षक हजारीलाल, प्रधान आरक्षक राधेश्याम वर्मा, प्रधान आरक्षक भगवती प्रसाद लडिया व उनके परिजन एवं कार्यालयीन स्टाफ व अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पुलिस अधिकारियों



द्वारा सेवानिवृत्त अधिकारियों का शाल, श्रीफल, मोमेंटो व पुष्प माला के साथ स्वागत करते हुए, उन्होने जो पुलिस विभाग में अपनी अभिन्न सेवाएं दी गयी है, उसके लिये धन्यवाद दिया गया तथा उनके भविष्य के लिये मंगल कामना की गयी। इस अवसर पर एडिशनल डीसीपी श्रीमती सीमा अलावा ने सभी से कहा कि आप सभी ने अनुशासित पुलिस विभाग में चुनौतीपूर्ण ड्यूटी करते हुए अपने जीवन का अमूल्य समय देकर जनता की सेवा की है, अब आपको स्वयं व अपने परिवार को समय देने की बारी है। सभी अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए, जीवन की इस नई पारी को अपने परिवार के साथ खूब हंसी खुशी के साथ, रचनात्मकता के साथ गुजारें और अपने किसी न किसी शौक को जरूर निखारें। साथ ही अन्य अधिकारियों ने भी सभी को ये आश्वासन दिया कि, ये पुलिस परिवार अब भी उनका परिवार है, वे जब चाहे यहां आकर अपनी समस्याएं व अपने अनुभव आदि हमसे साझा कर सकते है ।

हत्या का खुलासा, आरोपी गिरफ्त में

इंदौर। एरोड्रम थाना क्षेत्र में 29 अक्टूबर को युवक के शव के मामले में पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर जांच करते हुए आरोपी को गिरफ्त में लिया है। हालांकि हत्या के खुलासे की अधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस ने मृतक की पहचान सागर जिले के मकरोनिया निवासी संजय कुर्मी के रूप में की थी। हत्या का आरोप मृतक के संगे मामा सुमित कुर्मी पर है। दरअसल, 29 अक्टूबर को एरोड्रम थाना क्षेत्र के एक खाली मैदान में युवक का शव मिला था। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और जांच के आधार पर मृतक की पहचान संजय कुर्मी के रूप में की। संजय इंदौर में काम सीखने आया था और अपने मामा सुमित के साथ पालाखेड़ी में रह रहा था। सूत्र बताते हैं कि पूछताछ में आरोपी ने हत्या करना कबूल किया। साथ में शराब पीने के दौरान विवाद हुआ और गुस्से में आकर



सुमित ने लोहे की रॉड से संजय पर कई वार कर दिए। हत्या के बाद शव को आँटो में रखकर एरोड्रम क्षेत्र में फेंक दिया।

एसटीपी के पानी को लिफ्ट कर ही कान्ह नदी को पुनर्जीवित कर सकेंगे

इंदौर। शहर की जीवन रेखा समझी जाने वाली कान्ह नदी को पुनर्जीवित करने के लिए अब एकमात्र तरीका यही है कि हम सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट पर साफ किए गए पानी को पंपिंग करके लाए और इस नदी में छोड़ा जाएं। इस नदी में जब तक निरंतर साफ पानी नहीं छोड़ा जाएगा तब तक यह साफ पानी वाली नदी के रूप में परिवर्तित नहीं हो सकती है। अब तक इसे नदी बनाने के लिए किए गए प्रयासों की नाकामी से हमें सबक सीखाना चाहिए। यह जानकारी नर्मदा कंट्रोल अथॉरिटी के सचिव एवं पूर्व अभियंता डॉ मुकेश चौहान ने कान्ह नदी को पुनर्जीवित कर, साफ एवं शुद्ध पानी की धारा बहे इस संबंध में डेवलपमेंट फाउंडेशन एवं इंडियन वाटर वर्क्स एसोसिएशन के द्वारा इंदौर प्रेस क्लब सभागार में आयोजित प्रस्तुतीकरण के द्वारा दी। अपने प्रस्तुतीकरण में उन्होंने विस्तार से यह जानकारी दी कि इस नदी को स्वच्छ जल वाली नदी के रूप में परिवर्तित करने के लिए अब तक क्या-क्या काम किए गए और वह काम क्यों असफल हुए।



उन्होंने कहा कि किसी समय स्वच्छ जल की नदी के रूप में पहचानी जाने वाली यह नदी अब काले पानी की नदी के रूप में पहचान रखती है। इस नदी में हर तरह की गंदगी मौजूद है। पिछले 15 साल से इस नदी को नदी बनाने की कोशिश की जा रही है और इस कोशिश पर 1200 करोड रुपए से ज्यादा की राशि खर्च हो चुकी है लेकिन कोई परिणाम नहीं निकला है। अब से 40 साल पहले तक इस नदी में साफ पानी बहा करता था। यह नदी अब नदी तब ही बन सकती है जब इसमें साफ पानी का निरंतर प्रवाह हो। इंदौर में इस नदी की लंबाई 28 किलोमीटर है। यहां से यह नदी जाकर शिप्रा में मिलती है। इस नदी में सरस्वती नदी और कुछ नाले आकर मिलते हैं। चौहान ने बताया कि वर्ष 1900 में जब इंदौर की आबादी 1 लाख नागरिकों की थी उस समय इस नदी में 60 एमएलडी पानी था और 4.5 एमएलडी ड्रेनेज का पानी इंदौर में निकलता था। फिर 1950 में आबादी 3 लाख हो गई और इस नदी का पानी 60 एमएलडी ही रहा जबकि ड्रेनेज का पानी 15.5 एमएलडी हो गया। इसी तरह वर्ष 2000 में यह ड्रेनेज का पानी 77 और 2021 में 410 एमएलडी हो गया। उन्होंने बताया कि नर्मदा क्षिप्रा लिंक योजना या नर्मदा गंभीर लिंक योजना से पानी लाकर इस नदी में नहीं डाला जा सकता है। यदि ऐसा किया जाता है तो उसका पानी को लाने का बिजली का बिल ही 73 करोड रुपए होगा। ऐसे में इस प्रोजेक्ट पर काम करना उचित नहीं होगा। जरूरत इस बात की है कि हमें स्थिति को समझना होगा। जब नगर निगम के द्वारा नाला टैपिंग किया गया उस समय ड्रेनेज की लाइन के इस नदी में मिलने से रोकने का काम बराबर नहीं हो सका। इसके साथ ही इस नदी में साफ जल का प्रवाह बनाने की दिशा में भी कोई बेहतर प्लानिंग नहीं हो सकी। चौहान ने कहा कि इंदौर के लिए सबसे पहली जरूरत इस बात की है कि ड्रेनेज की लाइन और स्ट्रम वाटर की लाइन अलग-अलग होना चाहिए। यह बहुत लंबा काम है। नदी के किनारे पेड़ लगाने से नदी के जलस्तर को बढ़ाने का काम नहीं किया जा सकता है। जब हम 1 लाख पेड़ नदी के किनारे लगा देंगे तो केवल 1.01 एमएलडी पानी वहां से मिल सकेगा।

इस नदी को साफ करने की योजना बताते हुए उन्होंने कहा कि ट्रीटमेंट प्लांट पर जो पानी ट्रीट किया जा रहा है उसमें से 160 एमएलडी पानी हमें पंपिंग करके लाकर इस नदी में छोड़ना होगा। इसमें से 80 एम एल डी पानी चिड़ियाघर के पास और बचा हुआ 80 एम एल डी पानी प्रतीक सेतु के पास लाकर छोड़ा जाना चाहिए। यह पानी हमें कबीटखेड़ी से पंपिंग करके लाना होगा। इस योजना पर कुल खर्च 81 करोड रुपए का होगा। इसमें हर माह का बिजली का बिल 7 करोड रुपए का रहेगा। इसमें भी यदि हम रात के समय पर पंपिंग बंद कर देते हैं तो यह बिजली का बिल आधा हो जाएगा। उन्होंने अहमदाबाद में साबरमती के तट को साफ पानी वाली नदी के रूप में परिवर्तित किए जाने और विश्व के दूसरे देशों में इस दिशा में हुए काम का उदाहरण भी प्रबुद्ध जनों के सामने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में डेवलपमेंट फाउंडेशन के प्रबंध न्यासी आलोक खरे ने फाउंडेशन के कार्यों और आज के कार्यक्रम की योजना की जानकारी दी। प्रारंभ में कार्यशाला की भूमिका की जानकारी कोमल प्रसाद ने दी। कार्यक्रम का संचालन प्रो संदीप नारुलकर ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शहर के प्रबुद्ध जन और तकनीकी विशेषज्ञ मौजूद थे।

मानदेय बढ़ाने और नियमितीकरण की मांग लेकर मंत्री से मिलीं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता

इंदौर (इं)। मानदेय वृद्धि, नियमितीकरण और कार्यस्थल पर सुरक्षा की मांग को लेकर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया से मुलाकात की। मंत्रालय में हुई बैठक में प्रतिनिधियों ने लंबित मांगों और सेवा संबंधी समस्याओं को लेकर मांग पत्र सौंपा। मंत्री ने अधिकारियों को मांगों का नियमानुसार परीक्षण कर न्यायसंगत मुद्दों का जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रतिनिधिमंडल ने मानदेय बढ़ाने, नियमितीकरण, कार्यस्थल पर सुरक्षा और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग रखी। कार्यकर्ताओं ने अपनी सेवा संबंधी समस्याओं और कामकाज के दौरान आने वाली परेशानियों से भी मंत्री को अवगत कराया। मंत्री भूरिया ने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण और बच्चों की प्रारंभिक देखभाल से जुड़ी योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उनके हितों का संरक्षण और कल्याण सरकार की प्राथमिकता है।

संघ की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक शुरू



इन्दौर (इं)। डेली कॉलेज के संत श्री रविदास जी महाराज सभागार में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वार्षिक अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक आज प्रारंभ हुई। सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत एवं सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन कर बैठक का शुभारंभ किया। बैठक में देशभर से लगभग 400 प्रतिनिधि उपस्थित हैं। इनमें सभी सह सरकार्यवाह, अखिल भारतीय पदाधिकारी, संघ के सभी 11 क्षेत्रों के क्षेत्र संघचालक, क्षेत्र कार्यवाह एवं क्षेत्र प्रचारक तथा सभी 46 प्रांतों के प्रांत संघचालक, प्रांत कार्यवाह, प्रांत प्रचारक एवं उनके सहयोगी कार्यकर्ता सम्मिलित हैं। इसके साथ ही संघ प्रेरित कुछ विविध संगठनों के अखिल भारतीय संगठन मंत्री एवं सह संगठन मंत्री भी बैठक में आमंत्रित हैं। यह बैठक 4 नवंबर की सायंकाल तक चलेगी। जिसमें संघ के शताब्दी वर्ष के अंतर्गत विजयादशमी 2025 से विजयादशमी 2026 तक आयोजित कार्यक्रमों की समीक्षा की जाएगी। बैठक में सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले की ओर से तीन महत्वपूर्ण ऐतिहासिक एवं प्रेरणादायी व्यक्तित्वों के संबंध में वक्तव्य जारी किए जाएंगे। 1. श्री राजनारायण बोस – राष्ट्रीय चेतना के पितामह श्री राजनारायण बोस की 200वीं जयंती के अवसर पर उनके जीवन एवं योगदान के संबंध में वक्तव्य। 2. स्वामी श्रद्धानंद जी – शुद्धिकरण आंदोलन के पुरोधा स्वामी श्रद्धानंद जी के बलिदान के 100वें वर्ष के अवसर पर उनके जीवन, कार्य एवं योगदान पर वक्तव्य। 3. वेदांत केसरी स्वामी लक्ष्मणानंद सरस्वती जी – ओडिशा के कंधमाल जनजातीय क्षेत्र में स्वाभिमान, स्वावलंबन एवं स्वधर्म की जागृति के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले स्वामी लक्ष्मणानंद सरस्वती जी के जन्म के 100वें वर्ष के अवसर पर वक्तव्य। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख नरेंद्र कुमार के अनुसार बैठक के प्रारम्भ में सरकार्यवाह ने गत कुछ माह में दिवंगत हुए समाज की प्रमुख हस्तियों और कार्यकर्ताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिनमें प्रमुख हैं - फिल्म अभिनेता नाना पाटेकर, श्रीमती आशा भोंसले, पूज्य संत पद्मश्री रमेश बाबा, विवेकानंद केन्द्र के पूर्व अध्यक्ष बालकृष्ण, बलवीर पुंज, एस. वेदांतम् - चेन्नई, पत्रकार विराग पाचपोर, पराग वेदिक - मुंबई, भूतपूर्व कुलपति देवेंद्र प्रताप सिंह, सच्चिदानन्द महंती, प्रसिद्ध गायिका एस. जानकी एवं सुमन कल्याणपुरीकर, संघ के वरिष्ठ प्रचारक रहे विनोद कुमार आदि। बैठक स्थल पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्षों की यात्रा तथा मालवा क्षेत्र में संघ कार्य के क्रमिक विकास को दर्शाने वाली विशेष प्रदर्शनी भी लगाई गई है।



प्रकाश पर्व पर नगर कीर्तन निकाला

इन्दौर (इं)। खालसा चौराहा स्थित गुरुद्वारे से स्कीम नंबर-111 स्थित गुरुद्वारा साहिब तक सिखों के चौथे गुरु श्री गुरु रामदास महाराज के पावन प्रकाश पर्व के अवसर पर श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ नगर कीर्तन निकाला गया। नगर कीर्तन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गुरु महाराज के बताए सेवा, समर्पण, भाईचारे और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस दौरान सम्पूर्ण नगर कीर्तन मार्ग पर जगह-जगह श्रद्धालुओं के लिए सेवा शिविर लगाए गए तथा धार्मिक वातावरण ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। इस नगर कीर्तन में भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के नगर मंत्री सुरेंद्र पाल सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने नगर सहभागिता कर गुरु महाराज को श्रद्धापूर्वक नमन किया। स्कीम नंबर-111 पहुंचने पर सुरेंद्र पाल एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर कीर्तन का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया तथा सभी श्रद्धालुओं को प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं दीं। सुरेंद्र पाल ने कहा कि श्री गुरु रामदास महाराज का जीवन सेवा, विनम्रता, समानता और मानव कल्याण का अनुपम संदेश देता है। हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाकर समाज में प्रेम, सौहार्द और भाईचारे की भावना को मजबूत करना चाहिए। नगर कीर्तन के दौरान धार्मिक अनुशासन, श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने गुरु महाराज के प्रति अपनी अटूट आस्था व्यक्त करते हुए समाज में एकता, सेवा और सद्भाव का संदेश प्रसारित किया।

लंबे समय से फरार 2 वारंटी गिरफ्तार

इंदौर। थाना एमआईजी पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए लंबे समय से फरार चल रहे 02 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया।आगामी त्योहारों के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से थाना एमआईजी पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में लगातार गुंडों, बदमाशों एवं फरार आरोपियों की चेकिंग की जा रही है। इसी अभियान के तहत कल देर रात पुलिस टीम ने दबिश देकर विकास उर्फ साईराम गुर्जर, उम्र 30 वर्ष, निवासी , छोटी भमोरी, इंदौर। आरोपी के विरुद्ध धारा 25 आर्म्स एक्ट के प्रकरण में माननीय न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। रिजवान उर्फ सिद्धू, उम्र 30 वर्ष, निवासी नया बसेरा, छोटी खजरानी, इंदौर। आरोपी के विरुद्ध धारा 399, 402 आईपीसी के प्रकरण में माननीय न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था, दोनों वारंटियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड - रिजवान उर्फ सिद्धू आरोपी के विरुद्ध कुल 16 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं, जिनमें हत्या, हत्या का प्रयास, अवैध हथियार रखना, अड़ीबाजी एवं साथियों के साथ मिलकर मारपीट करने जैसे गंभीर अपराध शामिल हैं। गिरफ्तार वारंटी रिजवान उर्फ रिज्जू कुख्यात आरोपी सलमान लाला का भाई है। विकास उर्फ साईराम, आरोपी के विरुद्ध कुल 18 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं, जिनमें अड़ीबाजी, मारपीट, अवैध हथियार रखना, अवैध शराब रखना एवं अन्य अपराध शामिल हैं।थाना एमआईजी पुलिस द्वारा दोनों गिरफ्तार वारंटियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

आठवीं मंजिल से गिरकर हुई युवती की मौत के मामले में युवक पर प्रकरण

इंदौर। पलाश परिसर में आठवीं मंजिल से गिरकर हुई युवती की मौत के मामले में पुलिस ने युवक पर केस दर्ज किया है। जांच में सामने आया कि आरोपी युवती के चरित्र पर शक करता था। उसके साथ मारपीट करता था। पुलिस ने मृतका के नाबालिग भाई और रहवासी समिति अध्यक्ष के बयान दर्ज किए हैं। तेजाजी नगर पुलिस के अनुसार, युवती की 24 अक्टूबर को मौत हो गई थी। वह अजय मुड़े के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रहती थी। दोनों 8 से 10 दिन पहले फ्लैट में रहने आए थे। इसके बाद आए दिन विवाद और चिल्लाने की आवाजें सुनाई देती थीं। रहवासियों ने दोनों को समझाया भी था, लेकिन विवाद नहीं थमा। इसके बाद फ्लैट मालिक को जानकारी दी गई थी। इसी बीच अंजलि की मौत हो गई। मृतका के नाबालिग भाई ने बताया कि अजय ने उसे कुछ वीडियो भेजे थे। इनमें वह अंजलि से मारपीट करता दिखाई दे रहा था।

सिरफिरे युवक ने पुलिस जवान को चाकू मार किया घायल, कमरे में खुद को बंद कर हंगामा कर रहा था



इन्दौर (इं)। पुलिसकर्मी को एक सिरफिरे युवक द्वारा चाकू मारकर घायल करने के सनसनीखेज मामले में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है। मामला विजयनगर थाना क्षेत्र का है और सिरफिरे युवक का नाम जितेंद्र पिता सुरेंद्र रघुवंशी है वह खुद को कमरे में बंद कर चाकू लेकर हंगामा कर रहा था जिसकी सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और उसको समझाने का प्रयास कर रही थी इस दौरान उसने पुलिसकर्मी पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया। घायल पुलिसकर्मी का नाम राजपाल सेंधव है आरोपी युवक ने उसकी पीठ पर चाकू से वार किया। साथी पुलिसकर्मियों द्वारा उसे उपचार हेतु मेदांता अस्पताल ले जाया गया।

पुलिस के अनुसार कल रात डायल-112 पर श्रीराम मंदिर विजयनगर से सूचना मिली थी। बीट ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी राजपाल सेंधव मौके पर पहुंचे। वहां पता चला कि जितेंद्र पिता सुरेंद्र रघुवंशी जो कि मूलतः रायसेन का रहने वाला है और इंदौर में किराए से रहता है, ने खुद को कमरे में बंद कर रखा है। उसके हाथ में चाकू था और वह जोर-जोर से चिल्लाकर लोगों को भागने के लिए कह रहा था। पहली पुलिसकर्मियों ने उसको समझाने का प्रयास किया लेकिन उसने दरवाजा नहीं खोला। मौके पर मौजूद उसकी बहन पूजा ने भी उसे समझाया, लेकिन वह उसे भी डराने लगा। इसके बाद पुलिस टीम ने कमरे का दरवाजा तोड़ दिया और जितेंद्र को घेरकर पकड़ने की कोशिश की। इसी दौरान उसने पुलिसकर्मी राजपाल सेंधव की पीठ पर चाकू से वार कर दिया। अन्य पुलिसकर्मियों ने जितेन्द्र को पकड़ लिया और घायल राजपाल को मेदांता अस्पताल पहुंचाया। मामले में पुलिस ने आरोपी जितेंद्र के खिलाफ पुलिसकर्मी पर हमला करने और शासकीय कार्य में बाधा डालने सहित गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।



डीसीपी ट्रैफिक ने अधिकारियों एवं पेट्रोलिंग टीमों को दिए दिशा-निर्देश

इंदौर। आगामी त्यौहारों के दौरान शहर में सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर के दिशा निर्देशन मे लगातार विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर यातायात व्यवस्था का जायजा लिया जा रहा है। राजवाड़ा सहित आसपास के प्रमुख बाजारों, एवं अन्य बाजारों में यातायात के सुचारू संचालन के लिए विशेष डायवर्शन, ट्रैफिक व्यवस्था की गई है। इसी क्रम में आज डीसीपी ट्रैफिक राजेश कुमार त्रिपाठी ने यातायात अधिकारियों की उपस्थिति में पेट्रोलिंग पार्टियों एवं यातायात टीमों को बेहतर व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमण करते रहें तथा यातायात बाधित होने की सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर यातायात को सुचारू करवाएं। साथ ही, माइक के माध्यम से लगातार अनाउंसमेंट कर वाहन चालकों एवं आम नागरिकों को यातायात व्यवस्था के संबंध में जागरूक करें।दुकानदारों एवं प्रतिष्ठान संचालकों से भी अपील करें की अपने ग्राहकों के वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थलों पर व्यवस्थित रूप से खड़ा करवाएं तथा नो-पार्किंग क्षेत्रों में वाहन खड़े न होने दें, जिससे आम नागरिकों को आवागमन में परेशानी न हो। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि किसी वाहन के कारण अन्य सड़क उपयोगकर्ताओं का यातायात बाधित होता है, तो संबंधित पेट्रोलिंग पार्टी द्वारा तत्काल कार्रवाई की जाए।त्यौहारों के दौरान शहरवासियों एवं बाजारों में आने वाले नागरिकों को सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित यातायात उपलब्ध कराने के लिए यातायात पुलिस निरंतर प्रयासरत है।

»न्यूज बीफ

पिछड़ा वर्ग विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना वर्ष 2026-27 के लिए आवेदन आमंत्रित

उज्जैन, । मध्यप्रदेश शासन के पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा राज्य के अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रतिभावान विद्यार्थियों को विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के उद्देश्य से 'विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना 2026-27' के तहत ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। योजना के अंतर्गत चयनित मेधावी विद्यार्थियों को शीर्ष विदेशी विश्वविद्यालयों और संस्थानों में स्नातकोत्तर, शोध उपाधि तथा पोस्ट-पीएचडी (Post Ph.D.) पाठ्यक्रमों में अध्ययन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी विभाग के आधिकारिक पोर्टल mpom.mp.gov.in पर जाकर अपना प्रोफाइल रजिस्ट्रेशन करने के बाद ऑनलाइन आवेदन लॉक कर सकते हैं। प्रोफाइल पंजीयन के लिए समग्र आईडी के साथ डिजिटल जाति, आय और मूल निवासी प्रमाण पत्र का लिंक होना आवश्यक है। ऑनलाइन फॉर्म लॉक करने के 15 दिनों के भीतर आवेदन का प्रिंटआउट और सभी स्वप्रमाणित दस्तावेजों (जैसे अंकसूची, ऑफर लेटर, ह्रू रैंकिंग प्रमाण) की प्रतियां आयुक्त कार्यालय, पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण (विंध्याचल भवन, द्वितीय तल, विंग, भोपाल - 462004) में डाक द्वारा या व्यक्तिगत रूप से जमा करना अनिवार्य है।

स्वास्थ्य योजनाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

उज्जैन। जिले में स्वास्थ्य सेवाओं एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर 2 नवंबर 2026 को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सीएमएचओ डॉ. विक्रम रघुवंशी ने की। इसमें स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में जिला एनसीडी नोडल अधिकारी डॉ. आदित्य रावल, जिला राहवीर योजना नोडल अधिकारी डॉ. शिव मेन्या, जिला चिकित्सालय के आरएमओ, समस्त खंड चिकित्सा अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुपरविंदर बग्गा एवं समस्त बीपीएम सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का प्रतिदिन निराकरण करें तथा किसी भी शिकायत को अनावश्यक लंबित न रखें। अनमोल पोर्टल पर गर्भवती महिलाओं एवं शिशुओं का शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करने के साथ हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं, एनीमिया एवं पीआईएच के मामलों का समय पर प्रबंधन करें। उन्होंने प्रत्येक गर्भवती महिला का सुरक्षित संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करने, संभावित प्रसव तिथि से पहले स्वास्थ्य संस्था में भर्ती कराने तथा डिलीवरी संबंधी जानकारी पोर्टल पर समय से अपडेट करने के निर्देश दिए। जननी सुरक्षा योजना एवं प्रसूति सहायता योजना के पात्र हितग्राहियों को समय सीमा में भुगतान सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में एचएमआईएस पोर्टल पर सही जानकारी दर्ज करने, राहवीर योजना एवं पीएम राहत योजना का प्रचार-प्रसार करने तथा एनसीडी कार्यक्रम के तहत शत-प्रतिशत नागरिकों की स्क्रीनिंग कर उन्हें स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया।

खाद्य सुरक्षा विभाग की त्यौहार को ध्यान में रखते हुए विशेष कार्रवाई

होटल सॉलीटेयर स्थित माखन भोग रेस्टोरेंट का लायसेंस किया निलंबित

उज्जैन।

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में आमजन को शुद्ध, सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने तथा अमानक/मिलावटी खाद्य सामग्री निर्माण/विक्रय करने वाले खाद्य कारोबारकर्ताओं के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा निरंतर कार्यवाही की जा रही है।

खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा त्यौहार को ध्यान में रखते हुए मावा, घी, मिठाई, तेल आदि खाद्य पदार्थों पर विशेष निगरानी की जा रही है। विभाग द्वारा होटल सॉलिटेयर, जंतर मंतर रोड उज्जैन स्थित माखन भोग रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान रेस्टोरेंट के किचन एवं स्टोरेज परिसर में किचन में जगह-जगह कचरा एवं गंदगी पाई गई, रेफरीजेटर एवं कुकिंग प्लेटफार्म में निचले एवं पिछले भागों में अनावश्यक कुड़ा करकट एवं गंदगी पसरी पाई गई, किचन में कुकिंग एरिया में खुले डस्टबिन पाये गये, जिनमें गीला कचरा एवं मच्छर आदि पाये गये, किचन के स्टोरेज एरिया में कच्ची खाद्य सामग्रियों एवं फ्रीज के बीच फुडवेस्ट चेम्बर स्थापित पाया गया, जिसमें चेम्बर फुडवेस्ट से भरा पाया गया, फूड हेण्डलर्स की व्यक्तिक स्वच्छता का पालन होना नहीं पाया गया एवं उनके मेडिकल परीक्षण रिकॉर्ड नहीं पाया गया, रेस्टोरेंट में पेस्ट कंट्रोल संबंधी रिकॉर्ड नहीं पाया गया, कच्ची खाद्य सामग्रियों एवं तैयार खाद्य सामग्रियों का उचित स्टोरेज नहीं पाया गया एवं रेस्टोरेंट में बटर के नाम पर वेजिटेबल फेट स्प्रेड का उपयोग होना पाया गया।



बटर की जगह वेजिटेबल फैट स्प्रेड का इस्तेमाल

जांच में सामने आया कि रेस्टोरेंट में रोटी और चपाती पर बटर के नाम पर वेजिटेबल फैट स्प्रेड (न्यूट्रलाइट) का इस्तेमाल किया जा रहा था। इसमें वेजिटेबल ऑयल और बटर फ्लेवर होता है। इसके अलावा डीप फीजर में रखी दाल और चावल के संबंध में संचालक संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। इनके पुराने होने की आशंका पर टीम ने मौके पर ही दाल और चावल नष्ट करवा दिए।

अनियमितताओं/ कमियों को देखते हुए एवं जनस्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए लोकहित में खाद्य प्रतिष्ठान माखन भोग रेस्टोरेंट, होटल सॉलिटेयर, जंतर मंतर रोड उज्जैन का लायसेंस निलंबित किया गया एवं मौके से बटर, पनीर एवं रिफाइण्ड सनफ्लावर ऑइल के नमूनें लिये गये। इसके अलावा विभाग द्वारा कनकमल फूलचंद्र दाल एण्ड बेसन मक्सी रोड उज्जैन से चना दाल, चना बेसन एवं मटर आटा के नमूनें, बाफना नमकीन डाबरी पीठा से मलाई पेडा, मावा कतली, मैसूर पाक, नमकीन सेव के नमूनें, भगवती डेयरी एवं स्वीट्स पंवासा से मावा, मावा रोल एवं मिल्क केक के नमूनें व सोनू रेस्टोरेंट, पंवासा से मावा बर्फी एवं नमकीन पपडी के नमूनें लिये गये। टीम द्वारा तहसील महिदपुर ग्राम घोसला स्थित बीकानेर स्वीट्स एण्ड नमकीन से मावा बर्फी, आकाश सोनपपडी के नमूने, न्यू कुमरावत रेस्टोरेंट से कोटा फ्रेश सोनपपडी, ऋषभ नमकीन के नमूने, सूरज ट्रेडर्स से बेसन का नमूना लिया गया। तहसील घट्टिया ग्राम बिछडोद से कृष्ण नमकीन एण्ड मिष्ठान भण्डार से मावा बर्फी एवं सेव का नमूना, राखी ट्रेडर्स से हीरा मोती मैदा, हीरा मोती रवा एवं सांची घी के नमूनें लिये गये। उपरोक्त सभी नमूने राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजे गए हैं। प्रयोगशाला से प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषी पाए जाने पर विधिवत अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। खाद्य सुरक्षा विभाग आमजन से अपील करता है कि वे केवल वैध लाइसेंस/पंजीयन वाले प्रतिष्ठानों से ही खाद्य सामग्री क्रय करें तथा किसी भी संदिग्ध मिलावट या अमानक सामग्री की शिकायत संबंधित विभाग को तुरंत करें।

उज्जैन-बदनावर हाईवे : 907 करोड़ की सड़क 18 महीने में ही बदहाल

गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल सांसद ने की शिकायत

उज्जैन।

करीब 907 करोड़ रुपये की लागत से तैयार 69.1 किलोमीटर लंबा उज्जैन-बदनावर फोरलेन हाईवे (NH-752D) निर्माण के महज 18 महीने बाद ही जर्जर होने लगा है। सड़क की ऊपरी सतह उखड़ने और डामर व गिट्टी फैलने के कारण भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) को तपोभूमि से चिंतामन क्षेत्र के बीच मरम्मत करानी पड़ रही है। इसके लिए सड़क के आधे हिस्से पर आवागमन रोककर मिलिंग यानी ऊपरी सतह खुरचने और दोबारा डामरीकरण का काम किया जा रहा है।

इस फोरलेन का निर्माण मेसर्स जीआर उज्जैन बदनावर हाईवे प्राइवेट लिमिटेड ने हाइब्रिड एन्यूटी मॉडल (HAM) के तहत किया था। दावा किया गया था कि इस मार्ग से उज्जैन से बदनावर के बीच सफर का समय आधा हो जाएगा। हालांकि, निर्माण के शुरुआती दौर में ही सड़क की खराब स्थिति ने इसकी गुणवत्ता और निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। खासकर सिंहस्थ 2028 से पहले इस तरह की स्थिति प्रशासनिक तैयारियों के लिए चिंता का विषय है।

15 साल तक रखरखाव की जिम्मेदारी निर्माण एजेंसी की- समझौते के अनुसार निर्माण एजेंसी अगले 15 वर्षों तक सड़क के रखरखाव के लिए जिम्मेदार है। मौजूदा मरम्मत का खर्च भी एजेंसी को ही उठाना है। सूत्रों के मुताबिक, NHAI के अधिकारियों का कहना है कि सड़क में कोई स्थायी खराबी नहीं है, बल्कि मानसून के बाद नियमित रखरखाव के तहत सुधार कार्य कराया जा रहा है। अधिकारियों का तर्क है कि कुछ सीमित हिस्सों में मरम्मत के आधार पर पूरे प्रोजेक्ट की गुणवत्ता पर सवाल उठाना उचित नहीं है। सिंहस्थ 2028 के दौरान सुगम और सुरक्षित यातायात सुनिश्चित करने के लिए यह काम किया जा रहा है।

उज्जैन-गरोठ फोरलेन परियोजना में भी सामने आ चुकी हैं खामियां- NHAI की निर्माण परियोजनाओं में गुणवत्ता को लेकर सवाल पहले भी उठ चुके हैं। उज्जैन-गरोठ फोरलेन परियोजना में रिटेनिंग वॉल से जुड़ी गंभीर खामियां सामने आई थीं। फरवरी 2026 में रिटेनिंग वॉल धंस गई थी। जून में मरम्मत के बाद अगस्त में आरई वॉल के पैनल फिर खिसक गए। इसके बाद IIT दिल्ली के विशेषज्ञों की सिफारिश पर करीब 500 मीटर हिस्सा तोड़कर दोबारा बनाया गया। सितंबर में भी यहां रिटेनिंग वॉल के ब्लॉक खिसकने की घटना सामने आई थी।



सड़क की ऊपरी सतह उखड़ने के बाद उठे सवाल

1. महज 18 महीने पुरानी सड़क की सतह खुरचकर दोबारा डामरीकरण करने की जरूरत क्यों पड़ी?
2. क्या निर्माण सामग्री, डामर की गुणवत्ता, रोलिंग प्रक्रिया या जल निकासी व्यवस्था में कोई कमी रही?
3. ह्रश्रह्लद्ध को सार्वजनिक करना चाहिए कि कितने किलोमीटर सड़क पर डामरीकरण उखड़ा है और तकनीकी जांच रिपोर्ट में क्या सामने आया है?

केंद्रीय मंत्री से की घटिया निर्माण की शिकायतः सांसद

उज्जैन-आलोट के सांसद अनिल फिरोजिया ने निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए कहा कि उन्होंने इस संबंध में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से शिकायत की है। उनके मुताबिक, फिलहाल निर्माण एजेंसी से सड़क का रखरखाव कराया जा रहा है। मामले की जांच कराई जाएगी और जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। — अनिल फिरोजिया, सांसद, उज्जैन-आलोट

गैंगरेप मामलाः चक्रेश से पूछताछ जारी, वडोदरा में मिली कार

उज्जैन। इंदौर की युवती से गैंगरेप करने वाले आरोपी चक्रेश जैन से नानाखेड़ा थाने में पूछताछ जारी है। उससे मिली जानकारी के आधार पर पुलिस उसके साथी राजेश पंथी की तलाश कर रही है, जो शहर छोड़कर फरार हो गया है। चक्रेश पर इंदौर की एक युवती ने चलती कार में अनैतिक काम करने के आरोप लगाए हैं। रिमांड पर चल रहे चक्रेश ने अनैतिक काम और मारपीट करने की बात स्वीकार कर ली है लेकिन वह सिर्फ एक ही साथी का नाम बता रहा है। नगरकोट क्षेत्र में रहने वाले उसके साथी का नाम राजेश पंथी है और उसकी तलाश में टीम अब तक तीन बार दबिश दे चुकी है। चक्रेश ने पुलिस को बताया है कि रिपोर्ट दर्ज होने के बाद वह गुजरात के वड़ोदरा शहर चला गया था। यहां कार खड़ी कर मंदसौर के पिपलियामंडी आया था। यहीं से पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था। उज्जैन की पुलिस टीम वडोदरा पहुंच गई है। वह सुबह तक कार लेकर लौट सकती है। टीआई नरेंद्र यादव ने बताया कि आरोपी ने अब तक अपने एक ही साथी का नाम कबूला है। कार की जानकारी उसने दे दी है। टीम वडोदरा से कार लेकर लौट रही है। दूसरे आरोपी राजेश पंथी की तलाश में दबिश दे रहे हैं।

पांच थाना क्षेत्र में पकड़ाया गांजा फरार वारंटियों की धरपकड़ तेज

उज्जैन।

नशे के खिलाफ शुरू किए गए पुलिस के ऑपरेशन प्रहार में कार्रवाई तेज हो गई है। पांच थाना क्षेत्र में गांजा और एमडी पकड़ी गई है। एनडीपीएस मामलों के फरार आरोपियों की धरपकड़ भी तेज कर दी गई है।

मादक पदार्थों के तस्करों के खिलाफ पुलिस ने छेड़ा अभियान

दरअसल, पीएचक्यू ने मादक पदार्थ बेचने वालों के खिलाफ ऑपरेशन प्रहार शुरू किया है। उज्जैन पुलिस भी इसके तहत कार्रवाई कर रही है। नानाखेड़ा, नागझिरी, पंवासा, महाकाल एवं खाचरौद पुलिस ने रविवार को अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई की और 5 आरोपियों को 2.655 किलो ग्राम अवैध मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है।

पंवासा में 1.298 किलोग्राम गांजा जब्तः पंवासा पुलिस ने पाण्ड्याखेड़ी ब्रिज के नीचे गांजा लेकर खड़े 21 साल के अंकित मंडोर को गिरफ्तार किया है। मक्सीरोड की विनायक पार्क कॉलोनी के रहने वाले अंकित से 1.298 किलो गांजा जब्त हुआ है। इसकी कीमत 15 हजार रुपए आंकी गई है। आरोपी की मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। महाकाल पुलिस ने मौलाना मौज की दरगाह की सीढ़ियों के पास से पंचकुआ शंकरपुर निवासी मोइन को पकड़ा है। उससे 122 ग्राम गांजा मिला है।

नागझिरी पुलिस ने जमालपुरा के रहने वाले 42 साल के कमल सिंह चंदावत को हिरासत में लिया है। उससे एमडी जब्त हुई है। यह एमडी पाउडर की जगह गोली के रूप में थी। हर गोली का वजन 0.42 ग्राम है। कुल 4.69 ग्राम एमडी ड्रग्स की कीमत 46,000 रुपए आंकी गई है।

नानाखेड़ा पुलिस ने जब्त किया गांजाः नानाखेड़ा पुलिस ने इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर से 35 साल के ईश्वर बारवासी को पकड़ा है। आनंदनगर के रहने वाले ईश्वर से 130 ग्राम गांजा जब्त किया गया है। खाचरौद में भी पकड़ा गया 85 साल का गांजा तस्करः खाचरौद पुलिस ने भाटखेड़ी रोड रेलवे पुलिया के पास से 85 साल के छोटू शाह को पकड़ा है। पुराने बस स्टैंड के पास के निवासी छोटू के कब्जे से 1.100 किलो गांजा बरामद किया गया है।

नीलगंगा थाने में फरार इनामी वारंटी भी गिरफ्तारः नीलगंगा पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में 2 साल से फरार 10 हजार रुपए के इनामी पंवासा निवासी यूनुस को गिरफ्तार किया है। 2021 में वह मादक पदार्थ के साथ पकड़ा गया था। जमानत 2024 में जमानत पर छूटने के बाद फरार हो गया था। उस पर पुलिस ने 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था।

निगम प्रशासन की टीम ने शुरू की होटल-रेस्टोरेंट की जांच

महापौर ने कहा बगैर नगर निगम की अनुमति के नहीं कर सकेंगे होटल-प्रतिष्ठान फूड वेस्टेज टैंक की सफाई

उज्जैन।

ट्रेनिंग से लौटे निगमायुक्त अभिलाष मिश्रा ने फूड वेस्टेज टैंक हादसे के बाद जोनवाइज दस्ते बना दिए हैं। यह अपने-अपने क्षेत्र के होटल-रेस्टोरेंट के फूड वेस्टेज और सेप्टिक टैंक की जांच करेंगे और आवश्यक कार्रवाई करेंगे। निगमायुक्त ने बताया कि जोन वाइज टीमें जांच और कार्रवाई करेंगी। उपायुक्त संजेश गुप्ता ने बताया कि टीम ने रविवार को तीन होटल-रेस्टोरेंट की जांच की थी। खामी मिलने पर इनको नोटिस दिया गया है। जांच के नोडल अधिकारी सहायक आयुक्त राघवेंद्र पालिया ने बताया कि निगम ने सेप्टिक और फूड वेस्टेज टैंक साफ करने की व्यवस्था कर रखी है। इसका उपयोग करना चाहिए। होता यह है कि लोग निजी स्तर पर ही सफाई कराते हैं। बगैर सेफ्टी उपकरणों के सफाई करने से हादसे होने की आशंका बढ़ जाती है।

भाई के जाने से फूटी रुलाई- फूड वेस्टेज में जान गंवाने वाला नितिन का शव पीएम के बाद जब बाहर लाया गया तो उसकी बहन की रुलाई फूट पड़ी। नितिन इकलौता भाई था। वह ही अपनी विधवा मां की देखरेख करता था। बहन अपने भाई को इस हालत में देखकर काफी देर तक रोती रही।



अपना स्वीट्स, होटल आश्रय की बल्क वेस्ट जनरेटर यूनिट चैक की

हादसे के बाद नगरनिगम की टीम भी चौकन्नी हो गई।अपर आयुक्त पवनकुमार सिंह के नेतृत्व में टीम ने देवासरोड स्थित अपना स्वीट्स, होटल आश्रय और तीन बत्ती चौराहा स्थित होटल समसारा की बल्क वेस्ट यूनिट चैक की। उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल, संजेश गुप्ता, सहायक आयुक्त रविकांत ममरदे और टीम ने ढक्कन खुलवाकर यूनिट के अंदर और बाहर चैक किया। टैंक की सफाई, टैंक पर ढक्कन, यूनिट स्थल पर सुरक्षा उपकरण, रखरखाव को टीम ने देखा। कमियों को तत्काल ठीक करने का कहा गया।

होटल, रेस्टोरेंट के सेप्टिक टैंक की सफाई के लिए जारी होंगे नोटिस

होटल श्री गंगा के दर्दनाक हादसे के बाद निगम प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है। महापौर मुकेश टटवाल ने होटल-रेस्टोरेंट के फूड वेस्ट बैंक, सीवरेज-सेप्टिक टैंक की सफाई के लिए अनुमति को अनिवार्य करने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में जल्दी ही नोटिस जारी किए जाएंगे। महापौर ने कहा कि नगर निगम से अनुमति लेने के बाद ही निर्धारित सुरक्षा मानकों एवं आवश्यक सावधानियों के साथ फूड वेस्ट बैंक, सीवरेज और सेप्टिक टैंक की सफाई की जा सकेगी। शहर के सभी होटल एवं अन्य प्रतिष्ठानों को इस संबंध में नोटिस जारी किए जाएंगे।

राहवीर बने जिंदगी के रक्षक, प्रत्येक को मिलेगा 25 हजार का पुरस्कार



उज्जैन। सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति के लिए गोल्डन ऑवर यानी दुर्घटना के बाद का शुरुआती समय बेहद महत्वपूर्ण होता है। इस दौरान समय पर उपचार मिलने से घायल की जान बचाई जा सकती है। इसी उद्देश्य से शासन द्वारा संचालित राहवीर योजना के तहत उज्जैन के चार नागरिकों ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए सड़क हादसों में घायल लोगों को समय पर अस्पताल पहुंचाकर उनकी जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन सराहनीय प्रयासों के लिए चारों वॉलेंटियर्स को कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। योजना के तहत सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाले पात्र राहवीर को 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान करने का प्रावधान है। योजना का उद्देश्य आम नागरिकों को बिना किसी भय के दुर्घटना में घायलों की मदद के लिए प्रेरित करना है। अक्सर पुलिस कार्रवाई के डर से लोग घायलों की मदद करने से पीछे हट जाते हैं, जबकि राहवीर योजना ऐसे मददगार नागरिकों को प्रोत्साहित करने की पहल है।

गंभीर एनीमिया से पीड़ित गर्भवती को मिला जीवनरक्षक उपचार

सिविल हॉस्पिटल में कराया सफल ब्लड ट्रांसफ्यूजन

उज्जैन।

एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं को एनीमिया से बचाने और मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए स्वास्थ्य विभाग लगातार प्रयास कर रहा है। सिविल हॉस्पिटल महिदपुर की स्वास्थ्य टीम ने गंभीर एनीमिया से पीड़ित एक उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिला का सफलतापूर्वक ब्लड ट्रांसफ्यूजन कराकर उसे आवश्यक उपचार उपलब्ध कराया।

जानकारी के अनुसार ग्राम बपैया, तहसील महिदपुर निवासी गर्भवती महिला श्रीमती बियारना, पति मानिक, गंभीर एनीमिया से पीड़ित थीं। महिला और उसका परिवार शुरुआत में ब्लड ट्रांसफ्यूजन के लिए तैयार नहीं था। महिला की गंभीर स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम ने हार नहीं मानी और परिवार को लगातार समझाइश देकर काउंसलिंग की। स्वास्थ्यकर्मियों ने परिवार को गंभीर एनीमिया के संभावित खतरों, गर्भावस्था में होने वाले दुष्परिणामों तथा समय पर रक्त चढ़ाने की आवश्यकता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग की टीम के धैर्यपूर्ण प्रयासों और निरंतर काउंसलिंग का परिणाम रहा कि करीब आठ दिनों बाद महिला और उसका परिवार ब्लड ट्रांसफ्यूजन के लिए सहमत हो गया। इसके बाद महिला को सिविल हॉस्पिटल महिदपुर लाया गया, जहां तत्काल ब्लड ट्रांसफ्यूजन की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में गठित हुई विशेष टीम इस महत्वपूर्ण कार्य में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला उज्जैन तथा ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. शोभना भावर के नेतृत्व में एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत गठित स्वास्थ्य टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रभारी मेडिकल ऑफिसर डॉ. महेश सिंह रामपुरे एवं महिला एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. शिवानी पवार के मार्गदर्शन में ग्राम बपैया के कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर अकरम नागौरी ने गर्भवती महिला एवं उसके परिवार की निरंतर काउंसलिंग की।



अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर वरिष्ठजनों हेतु जन-जागरूकता कार्यक्रम

उज्जैन।

भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संचालित अटल वयो अभ्युदय योजना के अंतर्गत वरिष्ठजनों के कल्याण, उनके अधिकारों के संरक्षण तथा समाज में उनके प्रति सकारात्मक एवं संवेदनशील दृष्टिकोण विकसित करने के उद्देश्य से स्टेट एक्शन प्लान 2026-27 के तहत मध्यप्रदेश शासन की सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की मंशा अनुसार सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण संभाग उज्जैन तथा उज्जयिनी वरिष्ठ नागरिक संगठन के संयुक्त तत्वावधान में अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम, उज्जैन में गत दिवस मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर एक दिवसीय संवेदनशील एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम प्रातः 9 बजे से रात्रि 8 बजे तक विविध सत्रों में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्व शांति एवं वरिष्ठजनों के कल्याण हेतु वैदिक यज्ञ के साथ हुआ। इसके पश्चात प्राथमिक सीपीआर प्रशिक्षण, भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम संबंधी जागरूकता, संवाद सत्र, जागरूकता रैली, खेलकूद प्रतियोगिताएँ, फिल्म प्रदर्शन तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न हुए। कार्यक्रम की खासियत यह रही कि इसमें तीन पीढ़ियाँ एक साथ उपस्थित रहीं, जहाँ बच्चों और युवाओं ने वरिष्ठजनों के साथ समय बिताया तथा विशेष मालवी व्यंजनों का लुत्फ उठाया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि सतीश कुमार, संयुक्त संचालक, सामाजिक न्याय विभाग, उज्जैन ने कहा कि अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम निरंतर 40 वर्षों से वरिष्ठजनों की सेवा का कार्य कर रहा है। यहाँ विभिन्न श्रेणी की दिव्यांगता से ग्रस्त व्यक्ति निवासरत हैं। आज उनके चेहरों पर खुशी देखकर लगता है कि हमारा यह कार्यक्रम सार्थक रहा। संस्थापक सुधीर भाई गोयल ने कहा कि प्रातःकाल से सायंकाल तक विविध सत्रों का आयोजन किया गया, जिसमें वैदिक यज्ञ, प्राथमिक सीपीआर प्रशिक्षण, भरण-पोषण अधिनियम संबंधी जानकारी, संवाद, जागरूकता रैली, खेलकूद, फिल्म तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल रहे।



घरेलू निवेश और मजबूत मांग पर भरोसा, बैंकिंग, रक्षा, फार्मा और रियल एस्टेट क्षेत्र की कंपनियां सूची में शामिल

विदेशी निवेशकों की बिकवाली के बीच एंजेल वन ने चुने दिवाली के आठ शेयर

मुंबई/इंदौर (ईएमएस)।

ब्रोकरेज फर्म एंजेल वन ने अपनी वार्षिक दिवाली निवेश सूची शगुन के शेयर्स - दिवाली पिक्स रिपोर्ट 2026 में विभिन्न क्षेत्रों के आठ शेयरों को शामिल किया है। इनमें एजीआई इंफ्रा, रत्नवीर प्रिसिजन, नॉर्दर्न आर्क कैपिटल, इंजीनियर्स इंडिया, आरती फार्मा लैब्स, शांति गोल्ड, आईसीआईसीआई बैंक और अपोलो माइक्रो सिस्टम्स शामिल हैं। ब्रोकरेज का मानना है कि महंगाई और वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत की आर्थिक विकास दर, घरेलू मांग और निवेश गतिविधियां बाजार को मजबूती दे रही हैं।

30 सितंबर 2026 के आंकड़ों के अनुसार, आईसीआईसीआई बैंक 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक के बाजार पूंजीकरण के साथ सूची की सबसे बड़ी कंपनी थी। अपोलो माइक्रो सिस्टम्स का शेयर 397.15 रुपये, रत्नवीर प्रिसिजन का 359 रुपये और आरती फार्मा लैब्स का 873 रुपये पर था। शांति गोल्ड, नॉर्दर्न आर्क कैपिटल और इंजीनियर्स इंडिया के शेयर क्रमशः 292.90 रुपये, 251.80 रुपये और 251.80 रुपये पर कारोबार कर रहे थे। एजीआई इंफ्रा का भाव 238.70 रुपये था। ब्रोकरेज इन आठों कंपनियों के चयन के पीछे निवेश संबंधी तर्क 7 नवंबर तक प्रतिदिन जारी करेगी।

विदेशी बिकवाली की भरपाई कर रहे घरेलू निवेशक - एंजेल वन की रिपोर्ट के अनुसार, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस वर्ष भारतीय शेयर बाजार से 2025 के पूरे साल की तुलना में अधिक निवेश निकाला है। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें, मजबूत डॉलर और अमेरिका में ऊंची बॉन्ड यील्ड इसकी प्रमुख वजह हैं। दूसरी ओर, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) की लगातार खरीदारी और रिकॉर्ड एसआईपी निवेश ने बाजार को मजबूत समर्थन दिया है। इससे भारतीय कंपनियों में घरेलू निवेशकों की हिस्सेदारी बढ़ रही है।

सरकारी और निजी निवेश से विकास को गति - रिपोर्ट में मजबूत घरेलू मांग, सरकारी पूंजीगत खर्च और निजी क्षेत्र की बढ़ती निवेश गतिविधियों को अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक बताया गया है। जीएसटी संग्रह, यात्री वाहनों की बिक्री और यूपीआई भुगतान में मजबूती बनी हुई है। रक्षा क्षेत्र में सरकारी खर्च और निजी निवेश घोषणाओं में वृद्धि भी निवेश चक्र को गति दे रही है।

बैंकिंग क्षेत्र में उद्योग, सेवा, कृषि और व्यक्तिगत ऋण वितरण में तेजी आई है। वहीं, बैंकों के खराब ऋण कई दशकों के निचले स्तर पर पहुंच गए हैं। हालांकि, बढ़ती महंगाई, कमजोर रुपया और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं को बाजार के लिए प्रमुख जोखिम बताया गया है। एंजेल वन के अनुसार, आर्थिक विकास, घरेलू निवेशकों की बढ़ती भागीदारी और निवेश गतिविधियां आगे भी भारतीय बाजार की दिशा तय करने वाले महत्वपूर्ण कारक रहेंगे।

36 वर्षों में 30 हजार दिव्यांग बच्चों के ऑपरेशन, अब बनेगा 30 बेड का निःशुल्क वार्ड

यूनिक हॉस्पिटल में 5 नवंबर को लोकार्पण, आरएसएस के सह-सरकार्यवाह आलोक कुमार होंगे मुख्य अतिथि

इंदौर (ईएमएस)। दिव्यांग बच्चों के निःशुल्क उपचार और पुनर्वास के लिए 36 वर्षों से संचालित सेवा अभियान के तहत यूनिक हॉस्पिटल में 30 बेड का बाल सेवा विशिष्ट वार्ड शुरू किया जा रहा है। इसका लोकार्पण 5 नवंबर को शाम 7 बजे होगा। यह पहल नीमा इंस्टीट्यूट फॉर ऑर्थोपेडिक एंड रिहैबिलिटेशन ट्रस्ट, आरोग्य भारती इंदौर महानगर और यूनिक हॉस्पिटल की संयुक्त सहभागिता से की गई है।


आयोजकों के अनुसार, वर्ष 1991 से जारी इस अभियान के तहत अब तक करीब 30 हजार दिव्यांग बच्चों के निःशुल्क ऑपरेशन किए जा चुके हैं। मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों और जनजातीय अंचलों में आयोजित 548 चिकित्सा शिविरों के माध्यम से बच्चों की पहचान, जांच, सर्जरी, कृत्रिम उपकरणों की उपलब्धता और पुनर्वास संबंधी सेवाएं दी गई हैं। लोकार्पण समारोह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह-सरकार्यवाह आलोक कुमार मुख्य अतिथि होंगे। आरोग्य भारती के राष्ट्रीय संगठन सचिव डॉ. अशोक कुमार वार्ष्णेय विशेष अतिथि तथा तिरुपति स्टार्च एंड केमिकल्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अमित मोदी कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।

यूनिक हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक एवं अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रमोद नीमा ने बताया कि वार्ड में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के दिव्यांग बच्चों को निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। आरोग्य भारती मालवा प्रांत के कार्याध्यक्ष डॉ. लोकेश जोशी ने कहा कि बच्चों की चिकित्सा, सर्जरी और पुनर्वास की सुविधाएं उपलब्ध कराना सामाजिक उत्तरदायित्व है।

शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

सेंसेक्स 1233, निफ्टी 387 अंक उछला

मुम्बई (ईएमएस)।



भारतीय शेयर बाजार सोमवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये उछाल दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीदारी हावी होने से आई है। आज कारोबार के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट, एसबीआई, एनटीपीसी, मारुति, बजाज फाइनेंस के शेयरों में उछाल आया जिससे बाजार धारणा मजबूत हुई। सप्ताह के पहले कारोबारी सत्र में सेंसेक्स और निफ्टी तेजी के साथ बंद हुआ। वहीं आईटी स्टॉक्स में गिरावट रही।

दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1233.25 अंकों की तेजी के साथ ही 75,692.78 अंकों पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई का निफ्टी 387.70 अंक उछलकर 23,440.80 अंकों पर बंद हुआ। आज सेंसेक्स की 30 में से 23 कंपनियों के शेयर ही बढ़त पर बंद हुए और शेष सभी 7 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। वहीं दूसरी ओर, निफ्टी 50 की 50 में से 38 कंपनियों के शेयर तेजी के साथ बंद हुए और बाकी की सभी 12 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए।

रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में आज सबसे अधिक 11.64 फीसदी की तेजी रही। इसके अलावा टाटा स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट और एसबीआई के शेयरों में भी तेजी रही।

सेंसेक्स की अन्य कंपनियों की बात करें तो आज टाटा स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट, एसबीआई, एनटीपीसी 2.37, मारुति सुजुकी, बजाज फाइनेंस, एलएंडटी, बीईएल, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एशियन पेंट्स, बजाज फिनसर्व, इंडिगो तेजी के साथ बंद हुए। वहीं वहीं दूसरी ओर, आज कोटक महिंद्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, सन फार्मा, एक्सिस बैंक, टेक महिंद्रा और टीसीएस के शेयरों में गिरावट रही। वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार की तेज शुरुआत हुई। सुबह सेंसेक्स अपने पिछले बंद भाव 74,459.53 के मुकाबले 75,178.24 पर खुला, जो 718.71 अंकों की शानदार छलांग थी। वहीं निफ्टी ने अपने पिछले बंद भाव 23,053.10 से 169.2 अंक उछलकर 23,222.30 पर सत्र की शुरुआत की।

मुहूर्त ट्रेडिंग के लिए कोटक नियो ने चुने 12 शेयर फंडामेंटल और टेक्निकल आधार पर जारी की सूची

मुंबई/इंदौर (ईएमएस)।

संवत 2083 में लंबी अवधि के निवेशकों के लिए सकारात्मक रुख; FY27 में निफ्टी कंपनियों की कमाई 18 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान

दिवाली पर मुहूर्त ट्रेडिंग के लिए कोटक सिक्योरिटीज की रिटेल ब्रोकिंग इकाई कोटक नियो ने संवत 2083 के लिए 12 शेयरों की सूची जारी की है। इनमें सात शेयर फंडामेंटल और पांच टेक्निकल आधार पर चुने गए हैं। कोटक नियो के इक्विटी रिसर्च प्रमुख श्रीकांत चौहान ने भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूत बुनियाद और कंपनियों की अनुमानित आय वृद्धि के आधार पर लंबी अवधि के निवेशकों के लिए सकारात्मक संभावनाएं जताई हैं।

फंडामेंटल आधार पर एपीएल अपोलो ट्यूब्स, इटरनल, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स, जुबिलेंट इंग्रेविया, पर्सिस्टेंट सिस्टम्स, टाइटन और उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक को चुना गया है। इनमें पांच शेयरों को ब्रह्म (खरीदें) और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स तथा टाइटन को, छठ्ठ (पोर्टफोलियो में जोड़ें) रेटिंग दी गई है। टेक्निकल आधार पर बजाज फाइनेंस, आईसीआईसीआई बैंक, जेएसडब्ल्यू स्टील, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और रिलायंस इंडस्ट्रीज को खरीदारी के लिए सुझाया गया है।

कंपनियों की कमाई में 18 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान - चौहान के अनुसार, निफ्टी-50 कंपनियों की कमाई स्रह्व27 में करीब 18 प्रतिशत और स्रह्व28 में 13 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि वैश्विक भू-राजनीतिक घटनाक्रम, कच्चे तेल की कीमतों और ब्याज दरों में बदलाव से बाजार में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है। हालांकि, भारत की आर्थिक विकास की बुनियाद मजबूत है।

कोटक नियो की रिपोर्ट में विनिर्माण क्षेत्र में निजी निवेश की बढ़ती भागीदारी और घरेलू संस्थागत निवेशकों की खरीदारी को बाजार के लिए सकारात्मक बताया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, विदेशी निवेशकों की बिकवाली और वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय कंपनियों की कमाई में वृद्धि की संभावनाएं बनी हुई हैं। बाजार में हालिया सुधार के बाद शेयरों का मूल्यांकन भी पहले की तुलना में अधिक उचित स्तर पर आया है।

चौहान ने निवेशकों को बाजार के निचले स्तर का इंतजार करने के बजाय अच्छी गिरावट पर मजबूत फंडामेंटल वाली कंपनियों में चरणबद्ध निवेश करने की सलाह दी। उन्होंने अच्छी गुणवत्ता वाले लार्जकैप और चुनिंदा मिडकैप शेयरों को प्राथमिकता देने की बात कही। उनके अनुसार, अनुशासित निवेश और लंबी अवधि का नजरिया बाजार के उतार-चढ़ाव के बीच महत्वपूर्ण है।

इंदौर बाजार भाव

इंदौर (ईएमएस)। सोमवार को अनाज मंडी में चने में बाजार मजबूती के बने रहे। अन्य दलहनों में रिकाव रहा। खाद्य तेलों में व्यापार ठंडा-ठंडा ही रहा। तिलहनों में सरसो आंशिक टूटी। किराना जिंसों में व्यापार अच्छा रहा।

व्यापारिक सूत्रों के अनुसार सोमवार को अनाज मंडी में चने में पूछपरख से बाजार मजबूत बने रहे। अन्य दलहनों में रिकाव रहा। तिलहनों में सरसो 200 रू. प्रति क्विंटल तक टूटी।

किराना :- शक्कर 5250-5500, खोपरा गोला 380-420, खोपरा बूरा 3250-5850 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 280-285, ऊंझा हल्का 290-295, बेसर 315-325, हल्दी निजामाबाद 225-250, सांगली 315-325, साबूदाना हल्का 5200-5350, मीडियम 5450-5600, बेसर 6000-6100, सत्या मोती 5700, मोरधन 7200-8200, सौफ मोटी 275-350, बेसर 350-400, सौफ बारीक 180-300, एवरेज बोल्ड 350-400, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 790-800, गारबल्ड 770-775, मटरादाना 850-870, खसखस अनवलीन 1150-1250, वलीन

संक्षिप्त समाचार

1 अप्रैल से खुदरा कारोबार में ई-इनवॉइसिंग की पायलट परियोजना शुरू होगी

नई दिल्ली (ईएमएस)। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) चोरी पर लगाम लगाने और कर दायरे को व्यापक बनाने के लिए सरकार एक बड़ी पहल करने जा रही है। 1 अप्रैल, 2027 से खुदरा कारोबार में ई-इनवॉइसिंग की पायलट परियोजना शुरू की जाएगी, जिसके तहत चुनिंदा व्यावसायिक क्षेत्रों के दुकानदारों को ग्राहकों को जारी किए गए बिलों का इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड रखना होगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य खुदरा लेनदेन की निगरानी बढ़ाना और वास्तविक बिक्री का जीएसटी रिटर्न से मिलान करना है। वर्तमान में कारोबारी केवल कुल बिक्री का ब्योरा देते हैं, लेकिन नई व्यवस्था में कर अधिकारी व्यक्तिगत बिलों के आधार पर बिक्री और कर भुगतान की जांच कर सकेंगे। फिलहाल, सालाना 5 करोड़ रुपए से अधिक कारोबार वाले व्यवसायों को अन्य कारोबारियों (बी2बी) को जारी बिलों का विवरण इलेक्ट्रॉनिक रूप से दर्ज करना होता है। अब इस व्यवस्था का विस्तार व्यवसाय से उपभोक्ता (बी2सी) लेनदेन तक करने की योजना है। जीएसटी परिषद ने सितंबर 2024 में स्वैच्छिक परीक्षण की सिफारिश की थी, जिसे बाद में कर चोरी वाले क्षेत्रों, जैसे कि रेस्तरां, में अनिवार्य किया जा सकता है। यह कदम कर चोरी पर अंकुश लगाने और राजस्व बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

आईडीबीआई बैंक कर्मचारी भूख हड़ताल पर, सरकार और यूनियन आमने-सामने

नई दिल्ली (ईएमएस)। आईडीबीआई बैंक के 10,000 से अधिक कर्मचारी 2-3 नवंबर को भूख हड़ताल पर हैं। बैंक के प्रस्तावित निजीकरण और कनाडा की फेयरफैक्स फाइनेंशियल होल्डिंग्स को बहुलांश हिस्सेदारी बेचे जाने के खिलाफ यह विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। यूनाइटेड फोरम ऑफ आईडीबीआई ऑफिसर्स एंड एम्प्लॉइज का कहना है कि वर्षों के सार्वजनिक निवेश और कर्मचारियों के योगदान से बैंक अब मुनाफे में है, ऐसे में इसका निजीकरण अनुचित है। यूनियन इस सौदे को देश के एक ऐतिहासिक बैंक का विदेशीकरण बता रही है और जमाकर्ताओं के लगभग 3.5 लाख करोड़ रुपये की सुरक्षा पर सवाल उठा रही है। उनका तर्क है कि आत्मनिर्भर भारत की बात करने वाली सरकार एक महत्वपूर्ण वित्तीय स्तंभ को विदेशी हाथों में क्यों सौंप रही है, जिससे बैंक का प्राथमिक उद्देश्य कॉर्पोरेट मुनाफे में बदल सकता है। वहीं सरकार का तर्क है कि बैंक का सौदा घाटे में नहीं, बल्कि फायदे में हुआ है, जहां फेयरफैक्स ने प्रति शेयर बाजार मूल्य (75.99 रुपए) से अधिक (81 रुपए) बोली लगाई है। कैबिनेट कमेटी ऑन इकोनॉमिक अफेयर्स (सीसीईए) ने फेयरफैक्स को 60.72 फीसदी हिस्सेदारी (सरकार की 30.48 फीसदी और एलआईसी की 30.24 फीसदी) बेचने की मंजूरी दी है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि बैंक आरबीआई के नियमों के अधीन ही काम करेगा और विनिवेश के बाद भी सरकार व एलआईसी के पास कुल 34 फीसदी हिस्सेदारी रहेगी, जिससे भविष्य में सार्वजनिक क्षेत्र को भी लाभ मिलेगा।

ईएएए इंडिया अल्टरनेटिव्स के शेयर एक प्रतिशत चढ़कर सूचीबद्ध

नई दिल्ली (ईएमएस)। एडलवाइस फाइनेंशियल सर्विसेज की अनुषंगी कंपनी ईएएए इंडिया अल्टरनेटिव्स लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 1,665 रुपये से करीब एक प्रतिशत की बढ़त के साथ सोमवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर ने 1,673 रुपये पर कारोबार शुरू किया जो निर्गम मूल्य से 0.48 प्रतिशत अधिक है। एनएसई पर शेयर निर्गम मूल्य से 0.63 प्रतिशत अधिक 1,675.50 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। बाद में बीएसई पर शेयर 1.22 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,685.35 रुपये पर और एनएसई पर 1.57 प्रतिशत चढ़कर 1,691.70 रुपये पर कारोबार करने लगा। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 10,900.87 करोड़ रुपये रहा। ईएएए इंडिया अल्टरनेटिव्स लिमिटेड के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को पिछले सप्ताह बुधवार को बोली के अंतिम दिन 5.25 गुना अभिदान मिला था। आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 1,585-1,665 रुपये प्रति शेयर था। वर्ष 2008 में स्थापित ईएएए इंडिया अल्टरनेटिव्स एक वैकल्पिक निवेश मंच है जो बुनियादी ढांचे, वाणिज्यिक रियल एस्टेट तथा निजी ऋण सहित विभिन्न परिसंपत्ति वर्गों में दीर्घकालिक पूंजी का प्रबंधन करता है।

अक्टूबर में धीमी पड़ी विनिर्माण की रफ्तार विनिर्माण पीएमआई 55.1 से घटकर 54.7 पर

नई दिल्ली (ईएमएस)। अक्टूबर में भारत के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियों की रफ्तार में मामूली कमी दर्ज की गई है। एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) सितंबर के 55.1 से घटकर अक्टूबर में 54.7 पर आ गया। हालांकि, 50 के विस्तार स्तर से काफी ऊपर रहने के कारण यह अब भी मजबूत विस्तार का संकेत देता है, जिसकी मुख्य वजह उत्पादन और नए ऑर्डर में अपेक्षाकृत धीमी वृद्धि थी। मासिक सर्वेक्षण के अनुसार, विनिर्माण क्षेत्र में उत्पादन और नए ऑर्डर में अपेक्षाकृत धीमी वृद्धि देखी गई। हालांकि, लागत का दबाव मध्यम रहने से गतिविधियों की रफ्तार धीमी होने का असर सीमित रहा। पीएमआई का 50 से ऊपर रहना विस्तार को दर्शाता है, और 54.7 का आंकड़ा दीर्घकालिक औसत से ऊपर तथा मजबूत विस्तार की स्थिति में है।

हर्ष दुबे का ऐतिहासिक करिश्मा, एक ही पारी में झटके 9 विकेट

मोहम्मद शमी ने भी दिखाया जलवा

नई दिल्ली।

कानपुर। रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप-ए के चौथे दौर में सोमवार को ग्रीन पार्क स्टेडियम में उत्तर प्रदेश और बड़ौदा के बीच पहला दिन मिला-जुला रहा। पहले व दूसरे सत्र में बड़ौदा के बल्लेबाजों का दबदबा रहा, फिर अंतिम सत्र में स्पिनरों की फिरकी के कमाल से उप्र ने कुछ वापसी की।

बड़ौदा के सलामी बल्लेबाज ध्रुव पटेल (124), शाश्वत रावत (47) और मितेश पटेल (49) ने पहले दिन का खेल खत्म होने तक अपनी टीम को छह विकेट के नुकसान पर 269 रन तक पहुंचाया। अंतिम सत्र में उत्तर प्रदेश ने करन तीन व कार्तिक के दो विकेट लिए। अब मंगलवार को मैच के दूसरे दिन उत्तर प्रदेश के गेंदबाजों का लक्ष्य बड़ौदा को 300 से पहले रोकने पर रहेगा। बीसीसीआई की सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चयन समिति के सदस्य पूर्व क्रिकेटर आरपी सिंह ने भी स्टेडियम पहुंचकर खिलाड़ियों के प्रदर्शन को परखा।





उत्तरखंड के आगे हरियाणा मुसीबत में

ग्रुप-डी में उत्तराखंड के विरुद्ध हरियाणा पहले दिन ही मुसीबत में फंस गया और उसकी पूरी टीम 153 रन पर ढेर हो गई। मयंक मिश्रा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए छह विकेट अपने नाम किए। जवाब में उत्तराखंड ने पहले दिन का खेल समाप्त होने तक बिना विकेट खोए 59 रन बना लिए थे। ग्रुप डी के ही एक अन्य मुकाबले में धर्मशाला में राजस्थान और हिमाचल प्रदेश के बीच पहले दिन 20 विकेट गिरे। हिमाचल के 153 रन के जवाब में राजस्थ्था ने 78 रन पर ढेर होकर फॉलोऑन खेलते हुए बिना विकेट के आठ रन बना लिए थे।

बिहार के लिए स्नेहल कोंथाकर ने लगाया शतक

ग्रुप-ए के ही एक अन्य मुकाबले में गोवा ने स्नेहल कौथांकर (116) के शतक और अभिनव तेजराणा (73) के अर्धशतक से पहले दिन बिहार के विरुद्ध छह विकेट पर 288 रन बनाए। वहीं श्रीनगर में पुडुचेरी ने नेयन श्याम कंगायन (70) और मोहित काले (73) के अर्धशतक से जम्मू-कश्मीर के विरुद्ध छह विकेट पर 261 रन बनाए।

महाराष्ट्र ने बंगाल को 143 पर समेटा

ग्रुप-सी में तीन मैच जीतकर आ रही बंगाल टीम अपने घरेलू मैदान ईडन गार्डेंस में महाराष्ट्र के आगे 143 रनों पर सिमट गई। बंगाल के छह बल्लेबाज दहाई अंक पर भी नहीं पहुंच पाए। विकेटकीपर अभिषेक पोरेल ने सर्वाधिक 54 रन बनाए। महाराष्ट्र के तनय सांघवी व प्रदीप दाधे ने तीन-तीन विकेट लिए। हालांकि खराब रोशनी व वर्षा के कारण निर्धारित ओवरों से पहले प्रथम दिन का खेल समाप्त होने तक महाराष्ट्र ने भी 21 रन पर अपने दो विकेट खो दिए थे। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने लगातार दो गेंदों पर यह दोनों विकेट लिए।

सलिल के शतक से पंजाब मजबूत

ग्रुप बी में पंजाब ने पहले दिन आंध्र प्रदेश के विरुद्ध पांच विकेट 71 रन पर ही गंवा दिए, लेकिन इसके बाद मध्यम क्रम में सलिल अरोड़ा (नाबाद 111) और सनवीर सिंह (नाबाद 100) ने शानदार शतकों के दम पर पंजाब ने दिन का खेल समाप्त होने तक पांच विकेट पर ही 276 रन बनाकर अपनी स्थिति बेहद मजबूत कर ली। आंध्र प्रदेश के कवुरी सैतेजा ने तीन विकेट लिए।

हर्ष के आगे मध्य प्रदेश 209 रन पर ढेर

ग्रुप-ए में स्पिनर हर्ष दुबे के 53 रन देकर नौ विकेट के दम पर विदर्भ ने पहले दिन मध्य प्रदेश को 209 रन पर समेट दिया। इसके जवाब में मेजबान विदर्भ ने दिन का खेल समाप्त होने तक 23 ओवर में चार विकेट पर 56 रन बना लिए थे। दिन के खेल के दौरान कुल 14 विकेट गिरे। मध्य प्रदेश की ओर से अथर्व महाजन ने सबसे अधिक 85 रन बनाए। विदर्भ के कप्तान अक्षय वाडकर नौ, जबकि ध्रुव शौरी 21 रन बनाकर खेल रहे थे। मध्य प्रदेश के स्पिनर कुमार कार्तिकेय ने तीन विकेट लिए।

रिंगनोदिया रॉयल्स ने जीती म.प्र. कुमावत क्रिकेट लीग

इंदौर।

पहली एमपी कुमावत क्रिकेट लीग का रविवार को समापन हुआ । खिताबी मुकाबला रोमांचक अंदाज में खेला गया, जिसमें रिंगनोदिया रॉयल्स ने बजरंग क्रिकेट क्लब नामली रतलाम को 8 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया ।



बाईपास स्थित भंडारी फार्म के पीछे युग क्रिकेट अकादमी ग्राउंड में हुए इस टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले में बजरंग क्रिकेट क्लब नामली रतलाम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में 7 विकेट पर 87 रन बनाए। कमल कुमावत ने उम्दा गेंदबाजी करते हुए 3 ओवर में 9 रन दे कर 3 विकेट झटके। जवाब में रिंगनोदिया रॉयल्स ने यह लक्ष्य 10.4 ओवर में ही 2 विकेट खोकर हासिल कर लिया । कमल को मैन ऑफ द मैच चुना गया । फाइनल में कुमावत समाज के हजारों समाजजन उपस्थित हुए और दोनों टीमों की हौसला अफजाई की । पहली बार हुए इस टूर्नामेंट में समाज का भरपूर समर्थन मिला ।

समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय समाजसेवी स्पर्धा संयोजक श्री नानुराम कुमावत के संयोजन में आयोजित यह स्पर्धा देश और प्रदेश के इतिहास में पहली बार हुई और पहली ही बार में इसने अभूतपूर्व आयोजन की छाप छोड़ दी । इस क्रिकेट लीग में कुमावत समाज का महासंगम हुआ, जिसमें हजारों समाजजनों ने शिरकत की और इस आयोजन की प्रशंसा की ।

पुरस्कार वितरण म.प्र. योग आयोग के अध्यक्ष श्री राघवेंद्र जी शर्मा, त्रिनेत्र भैरवधाम श्री महाकाल भैरव अखाड़ा संघ के आचार्य श्री गौरव दास जी, डायरेक्टर मोयरा सरिया श्री संदीप जी जैन, जगुआर कंपनी के श्री अनुराग जी विजयवर्गीय, कुमावत महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष श्री शैलेंद्र जी जांगड़े, तहसीलदार श्री ओमप्रकाश जी चोरमा, श्री हीरालाल जी कुमावत, श्री भगवानसहाय जी कुमावत ने किया। इस अवसर पर मनोज कुमावत, पंकज कुमावत, सीए अशोक कुमावत, फुलाराम कुमावत, कविंद्र कुमावत, मनीष कुमावत, जितेंद्र कुमावत, कमल कुमावत, सुरेश कुमावत, कन्हैयालाल कुमावत, शिव कुमावत उपस्थित थे।

प्रथम पुरस्कार विजेता टीम रिंगनोदिया रॉयल्स को 1,71,000 रुपए की इनामी राशि दी गई । वहीं द्वितीय पुरस्कार उपविजेता टीम बजरंग क्रिकेट क्लब नामली रतलाम को 71,000 रुपए की राशि दी गई । मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार रिंगनोदिया रॉयल्स के रोहित कुमावत को दिया 21,000 की राशि देकर दिया गया । बेस्ट बॉलर मनीष कुमावत, बेस्ट बैट्समैन शुभम कुमावत, बेस्ट फिल्डर किशन गेहलोद को 11,000 - 11,000 रुपए की राशि दी गई स्पर्धा संयोजक श्री नानुराम कुमावत ने बताया कि टूर्नामेंट में पुरुषों के साथ बालिकाओं, महिलाओं, अंडर-18 बालकों और समाज के वरीष्ठजनों के भी मुकाबले खेले गए। इन सभी को भी मुख्यधारा में जोड़ने और महिलाओं को मंच प्रदान करने का काम समाज ने किया । महिलाओं ने भी पूरे टूर्नामेंट में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और क्रिकेट कीट पहन कर मैदान पर चौके-छक्के लगाने में पीछे नहीं रही ।

न्यूजीलैंड से वन डे में बुमराह की कमी खलेगी

न्यूजीलैंड के विरुद्ध बुधवार से शुरू होने वाली पांच मैचों की वनडे सीरीज से पहले भारतीय टीम प्रबंधन के सामने तेज गेंदबाजी आक्रमण को लेकर बड़ी चुनौती है। गेंदबाजों गुरनूर बराड़, अंशुल कंबोज, आकिब नबी और यश ठाकुर के पास कुल मिलाकर सिर्फ 11 वनडे मैचों का अनुभव है।

नई दिल्ली।

ऐसे में अनुभवी और संतुलित मानी जा रही न्यूजीलैंड की टीम के विरुद्ध भारतीय गेंदबाजों की परीक्षा होगी। इस सीरीज में भारत को कमजोर और अनुभवहीन गेंदबाजी संयोजन के साथ उतरना पड़ सकता है। इस सीरीज में टीम को जसप्रीत बुमराह की कमी खलेगी।



पहली वनडे सीरीज

भारतीय वनडे टीम में शामिल सभी गेंदबाज न्यूजीलैंड में अपनी पहली वनडे सीरीज खेलेंगे। टीम के सबसे अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज के भी शुरुआती तीन मैचों के बाद टेस्ट क्रिकेट की तैयारियों के लिए टीम से विदा होने की संभावना है।

वहीं, एकमात्र ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की तैयारियों के लिए पहले वनडे के बाद टीम से अलग हो सकते हैं। ऐसी स्थिति में 18 वनडे खेल चुके अर्शदीप सिंह गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई करेंगे। उनके अलावा गुरनूर बराड़ ने नौ, जबकि अंशुल कंबोज और आकिब नबी ने एक-एक वनडे खेला है।

यश ठाकुर को अभी वनडे पदार्पण करना है और उन्हें अंतिम दो मैचों के लिए चुना गया है। सिराज के पास 51 वनडे में 77 विकेट का अनुभव है, लेकिन उनकी उपलब्धता सीमित रहने की संभावना है।

तीसरा गेंदबाज चुनना चुनौती

भारत के सामने एक अहम प्रश्न तीसरे तेज गेंदबाज के चयन का होगा, खासकर उन मैदानों पर जहां बल्लेबाजों के लिए रन बनाना आसान रहता है। आकलैंड का ईडन पार्क ऐसा ही मैदान है। यहां की सीमाएं न्यूजीलैंड के राष्ट्रीय खेल रग्बी को ध्यान में रखकर बनाई गई हैं और क्रिकेट में मैदान की चौड़ाई कम होने के कारण दो रन लेना भी मुश्किल हो सकता है।

बल्लेबाजों के लिए अक्सर एक रन लेने या फिर गेंद को सीधे बाउंड्री के पार पहुंचाने का विकल्प अधिक व्यावहारिक रहता है। सिराज और अर्शदीप का खेलना लगभग तय माना जा रहा है। तीसरे तेज गेंदबाज के स्थान के लिए गुरनूर, कंबोज और नबी के बीच मुकाबला होगा।

गुरनूर ने नौ वनडे खेले हैं, लेकिन उनकी इकोनामी रेट 7.71 रन प्रति ओवर रही है। छह फुट पांच इंच लंबे गुरनूर के पास अतिरिक्त गति और उछाल हासिल करने की क्षमता है। हालांकि, उनकी स्वाभाविक गेंदबाजी लेंथ कुछ पीछे रहती है, जिससे बल्लेबाजों के गलत शॉट भी छक्के में बदल सकते हैं।

यश में अलग बात

कंबोज और नबी की औसत गति लगभग 135 किलोमीटर प्रति घंटा है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का सीमित अनुभव उनके लिए चुनौती बन सकता है। दबाव की परिस्थितियों में सही योजना बनाना और उसे प्रभावी ढंग से लागू करना उनके सामने बड़ी परीक्षा होगी।चार नए गेंदबाजों में यश ठाकुर के पास अलग तरह की विविधता है। वह गति में बदलाव करने के साथ-साथ पारंपरिक और वाइड यॉर्कर जैसी सटीक गेंदें डालने में सक्षम हैं। हालांकि, वह शुरुआती दो मैचों के लिए उपलब्ध नहीं हैं।

कुलदीप को मिल सकता है मौका

भारत के मौजूदा वनडे सेटअप में सबसे सफल गेंदबाज कुलदीप यादव भी टीम संयोजन के लिहाज से चर्चा में हैं। कुलदीप ने 124 वनडे मैचों में 201 विकेट लिए हैं, लेकिन उपमहाद्वीप से बाहर की परिस्थितियों में उनका चयन टीम संयोजन पर निर्भर कर सकता है। मुख्य कोच गौतम गंभीर की रणनीति बल्लेबाजी क्रम को आठवें नंबर तक मजबूत रखने की रही है। ऐसे में कुलदीप के लिए अंतिम एकादश में जगह बनाना मुश्किल हो जाता है। हालांकि, गेंदबाजी आक्रमण में अनुभव की जरूरत को देखते हुए उन्हें इस सीरीज में खेलने का मौका मिलने की संभावना है। टी20 सीरीज में उन्हें बेंच पर बैठना पड़ा था, लेकिन वनडे में टीम प्रबंधन उन्हें मौका दे सकता है।

विज्ञापन ने बदली कृति की किस्मत

मशहूर अभिनेत्री कृति खरबंदा आज फिल्म उद्योग में एक पहचाना हुआ नाम हैं। कृति खरबंदा एक साधारण परिवार से आती हैं और अपनी पढ़ाई पूरी करने में व्यस्त थीं। कई अन्य सितारों के विपरीत कृति का बचपन से अभिनेत्री बनने का कोई सपना नहीं था और न ही उनका कोई फिल्मी पृष्ठभूमि से ताल्लुक था। लेकिन किस्मत ने उनके लिए कुछ और ही तय कर रखा था। चेन्नई की एक सड़क पर लगे विज्ञापन के होर्डिंग ने एक फिल्म निर्देशक का ध्यान अपनी ओर खींचा और वहीं से कृति खरबंदा के एक आम लड़की से साउथ और बॉलीवुड की चर्चित अभिनेत्री बनने के सफर की शुरुआत हुई। एक बार चेन्नई में एक सुपरमार्केट श्रृंखला के विज्ञापन बोर्ड पर उनकी एक बड़ी सी तस्वीर लगी हुई थी। उस समय तेलुगु फिल्मों के निर्देशक राज पिपल्ला अपनी नई फिल्म के लिए एक नए चेहरे की तलाश कर रहे थे। 150 लड़कियों के बीच हुए कड़े ऑडिशन के बाद कृति को चुन लिया गया।



नसीरुद्दीन शाह पर अशोक पंडित का हमला



केंद्र सरकार और समाज के खिलाफ लगातार बयानबाजी करने को लेकर बॉलीवुड फिल्म निर्माता अशोक पंडित ने दिग्गज अभिनेता नसीरुद्दीन शाह पर जोरदार हमला बोला है। अशोक पंडित ने आरोप लगाया कि अभिनेता नसीरुद्दीन का सार्वजनिक बर्ताव दिन-प्रतिदिन पूरी तरह से बेकाबू होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि अभिनेता का आचरण एक सभ्य नागरिक जैसा नहीं रहा। निर्माता ने दावा किया कि जिस तरह से अभिनेता अपना गुस्सा जाहिर कर रहे हैं, उससे स्पष्ट होता है कि उन्हें तुरंत चिकित्सीय मदद और उचित परामर्श की आवश्यकता है। दरअसल, यह पूरा विवाद तब और बढ़ गया जब नसीरुद्दीन शाह का एक हालिया वीडियो सामने आया। इस वीडियो में उन्होंने अपनी पोशाक पर एक बैज पहना हुआ था जिस पर दिमागी नक्सल लिखा था और इसके जरिए उन्होंने सरकार की नीतियों की तीखी आलोचना की थी। इस वीडियो पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अशोक पंडित ने अभिनेता की भाषा शैली, उनके तौर-तरीकों और उनके राजनीतिक विचारों पर कई गंभीर सवाल खड़े किए। पंडित ने पश्चिम बंगाल के चुनावों और वहां घटित हिंसा पर अभिनेता की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए उन्हें राजनीति से प्रेरित और एकतरफा सोच वाला व्यक्ति करार दिया।

पुलिस की कार्रवाई देख डर गईं थीं पोनी

अभिनेता प्रकाश राज जो जून और जुलाई में हुए छात्र आंदोलनों में सक्रिय रूप से शामिल हुए थे। उन्होंने बेंगलुरु, दिल्ली और 'चलो संसद' मार्च जैसे कई विरोध प्रदर्शनों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी। हाल ही में एक बातचीत में प्रकाश राज ने बताया कि कैसे उनकी पत्नी पोनी वर्मा, जो एक कोरियोग्राफर हैं, इन विरोध प्रदर्शनों के दौरान पुलिस की कार्रवाई देखकर डर गई थीं। उन्होंने प्रकाश राज से प्रदर्शन स्थल के बजाय किसी होटल में रुकने का अनुरोध भी किया था, लेकिन उन्होंने इसे नहीं माना। पोनी वर्मा ने उन लम्हों को याद करते हुए बताया कि जब वह पहले दिन विरोध प्रदर्शन के लिए गईं और मैंने वहां हुए लाठीचार्ज और पेलेट गन का इस्तेमाल देखा, तो मैं अंदर तक हिल गई और बहुत डर गई। मैं बस भगवान से उनकी सलामती के लिए प्रार्थना कर रही थी।

अर्नब के बाद खतरनाक चक्रवाती तूफान 'मुरासु' देगा दस्तक,.... लोगों को बचाने में जुटी सरकारें

आंध्र प्रदेश समेत कई राज्यों में तबाही का अंदेशा

भारत के तटीय राज्य अभी हाल ही में आए चक्रवाती तूफान 'अर्नब' के जख्मों से पूरी तरह उभर भी नहीं पाए हैं कि बंगाल की खाड़ी से उठा एक और खतरनाक चक्रवाती तूफान 'मुरासु' तबाही मचाने के लिए बिल्कुल तैयार है। मौसम विभाग के अनुसार, 3 नवंबर की सुबह यह तूफान आंध्र प्रदेश के दक्षिणी तट पर नेल्लोर और नरसापुर के बीच टकरा सकता है। इस दौरान हवा की रफ्तार 100 से 110 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है, जिससे भारी तबाही की आशंका जताई गई है।



नई दिल्ली (ईएमएस)। मुरासु तूफान के असर से मुख्य रूप से आंध्र प्रदेश, ओडिशा, तेलंगाना और छत्तीसगढ़ में भारी से बहुत भारी बारिश होने का अनुमान है, जबकि कुछ इलाकों में अत्यधिक भारी बारिश भी हो सकती है। तूफान के तट से टकराने के दौरान समुद्र में करीब एक मीटर ऊंची तूफानी लहरें उठने की संभावना है, जिससे निचले इलाकों में बाढ़ का गंभीर खतरा पैदा हो गया है। हालात की गंभीरता को देखते हुए ओडिशा सरकार ने पहले ही हाई अलर्ट जारी कर दिया है। दक्षिणी ओडिशा के जिलों में एहतियात के तौर पर स्कूलों और कॉलेजों को 3 नवंबर तक बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा पहाड़ी और निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण करने के बाद बाढ़ पीड़ितों के लिए विशेष राहत पैकेज की घोषणा की है, जिसमें प्रत्येक प्रभावित परिवार को 50 किलोग्राम चावल और 2,500 रुपये की आर्थिक सहायता के साथ-साथ मकान और फसल के नुकसान की भरपाई शामिल है।

चेन्नई-तिरुवल्लूर में स्कूल-कॉलेज बंद चक्रवात 'मुरासु' के कारण भीषण बारिश की आशंका को लेकर चेन्नई और तिरुवल्लूर जिलों में सोमवार को स्कूल और कॉलेज बंद रहे। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (आरएमसी) द्वारा दोनों जिलों के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया गया है, जिसमें 24 घंटों के भीतर 12 से 20 सेंटीमीटर तक भारी से बहुत भारी बारिश होने का अनुमान है। जिला प्रशासन ने एहतियात के तौर पर यह छुट्टी घोषित की। उत्तरी तमिलनाडु के कई जिलों में भारी बारिश की आशंका को देखकर राजस्व प्रशासन और आपदा प्रबंधन विभाग ने जिला कलेक्टरों को 'हाई अलर्ट' पर रहने और आपदा प्रबंधन की मानक प्रक्रियाओं को सख्ती से लागू करने का निर्देश दिया है।

अर्नब पहले ही ला चुका तबाही

गौरतलब है कि इससे पहले आए चक्रवाती तूफान 'अर्नब' और उसके कारण हुई भारी बारिश व बाढ़ से ओडिशा और आंध्र प्रदेश में जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ था। अर्नब तूफान के कारण जहां ओडिशा में छह लोगों की मौत हो चुकी है, वहीं 10 लोग अभी भी लापता हैं। इस आपदा से करीब 1.18 लाख लोग प्रभावित हुए हैं, 75,300 हेक्टेयर से अधिक फसल क्षेत्र बर्बाद हुआ है और हजारों मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। भूस्खलन और बाढ़ की दोहरी मार झेल रहे प्रशासन के सामने अब नए चक्रवात 'मुरासु' से निपटने की बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है। सरकार एक साथ दो मोर्चों पर काम कर रही है—पहला अर्नब के पीड़ितों को राहत और बचाव कार्य पहुंचाना, और दूसरा मुरासु के संभावित खतरे से निपटने के लिए युद्धस्तर पर तैयारियां करना। प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने और सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है।

यूपी में छाया कोहरा, दो फ्लाइटों की नहीं हो सकी लैंडिंग

यूपी में तीन दिन लगातार हुई बारिश के बाद मौसम ठंडा हो गया है। सोमवार सुबह वाराणसी, गोरखपुर, देवरिया समेत 10 से ज्यादा शहरों में घना कोहरा छाया रहा। वाराणसी में सुबह 7 बजे विजिबिलिटी 200 मीटर रह गई। इसके दो फ्लाइट लैंड नहीं कर सकीं। इंडिगो की बेंगलुरु और दिल्ली से आने वाली फ्लाइट को लखनऊ डायवर्ट किया गया। राजस्थान में रविवार को अधिकांश शहरों में अधिकतम तापमान सामान्य से कम रहा। राजस्थान में सबसे ठंडा इलाका माउंट आबू रहा, जहां न्यूनतम तापमान 12.7 डिग्री सेल्सियस था। उत्तराखंड के केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम में सोमवार सुबह बर्फबारी हुई, जिससे तापमान -7 से नीचे पहुंच गया। वहीं, पिथौरागढ़ में रविवार रात ओले गिरे। रिपोर्ट के मुताबिक बंगाल की खाड़ी में उठा चक्रवात मुरासु सोमवार रात 11 बजे से मंगलवार सुबह 4 बजे के बीच आंध्र के ओंगोल तट से टकरा सकता है। मुरासु के अलावा मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ समेत 9 राज्यों में बारिश हो सकती है। 3 नवंबर को आंध्र प्रदेश, रायलसीमा और ओडिशा में ऑरेंज अलर्ट है। तेज हवाएं चलेंगी, हवाओं की रफ्तार 100 किमी प्रति घंटा हो सकती है। तमिलनाडु, केरलम, कर्नाटक, पुडुचेरी, तेलंगाना, छत्तीसगढ़ में बारिश का यलो अलर्ट है। 4 नवंबर को आंध्र प्रदेश में आंधी-बारिश तूफान का रेड अलर्ट है। छत्तीसगढ़ और ओडिशा में ऑरेंज अलर्ट है। सेंट्रल महाराष्ट्र, विदर्भ, मराठवाड़ा, कर्नाटक, तेलंगाना, रायलसीमा, आंध्रप्रदेश और केरल में यलो अलर्ट है।

1 जनवरी से विमान कंपनियां खुद तय करेंगी टिकट के दाम

- अब हवाई किराए पर सरकार का नियंत्रण खत्म
- न्यूनतम या अधिकतम सीमा तय करने पर सरकार कर सकती है हस्तक्षेप



संदीप सिंह

नई दिल्ली, (ईएमएस)। भारत में हवाई सफर करने वाले यात्रियों के लिए एक बड़ा बदलाव होने जा रहा है। सरकार की ओर से जारी नए नोटिफिकेशन के मुताबिक, आने वाले समय में विमान किराए को लेकर सरकार का सीधा दखल खत्म हो जाएगा। एयरलाइंस कंपनियां अपनी संचालन लागत के आधार पर खुद टिकट के दाम तय करने के लिए स्वतंत्र होंगी। सरकार के इस नए नियम के तहत 1 जनवरी 2027 से एयरलाइंस पर किराया बढ़ाने या घटाने को लेकर कोई सरकारी पाबंदी नहीं रहेगी, हालांकि किसी आपात या विशेष परिस्थिति में जनहित को ध्यान में रखते हुए सरकार न्यूनतम या अधिकतम सीमा तय करने जैसे मामलों में हस्तक्षेप कर सकती है। नए नियमों के अनुसार, विमानन कंपनियों को अपने किराए की पूरी पारदर्शिता बरतनी होगी। एयरलाइंस को बेस फेयर, विभिन्न टैक्स, फीस, कैंसिलेशन चार्ज और रिफंड से जुड़ी तमाम जानकारियां स्पष्ट रूप से साझा करनी होंगी।

किराए में होने वाले बदलावों और उसका पूरा ब्रेकअप डीजीसीए को देने के साथ-साथ कंपनियों को अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर भी इसे अनिवार्य रूप से अपलोड करना होगा ताकि यात्रियों को टिकट खरीदते समय पूरी स्पष्टता मिल सके। इस नीतिगत बदलाव के बीच विमान ईंधन यानी एटीएफ (एविशन टरबाइन फ्यूल) की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी का दौर भी जारी है। हाल ही में एटीएफ की कीमतों में प्रति लीटर और बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिसके चलते यह लगातार चौथा महीना है जब विमान ईंधन महंगा हुआ है।

फटाफट खबरें

शाह से अजित पवार गुट की भेंट, उठे सवाल

नई दिल्ली, (ईएमएस)। महाराष्ट्र की राजनीति में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) को लेकर हलचल तेज हो गई है। अजित पवार गुट के छह वरिष्ठ नेताओं ने दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस बैठक को महाराष्ट्र सरकार में पार्टी की भूमिका और मंत्रालयों के बंटवारे के लिहाज से अहम माना जा रहा है। चर्चा है कि नेताओं ने राज्य का वित्त मंत्रालय फिर से एनसीपी को सौंपने की मांग उठाई है। अमित शाह से मुलाकात करने वाले नेताओं में धनंजय मुंडे, सुनील तटकरे, प्रफुल्ल पटेल, हसन मुश्रीफ, छगन भुजबल और दिलीप वळसे पाटील शामिल थे। हालांकि, मुलाकात में वित्त मंत्रालय को लेकर मांग उठाए जाने की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इस मुलाकात में सुनेत्रा पवार और पार्थ पवार की गैरमौजूदगी भी चर्चा का विषय रही। दोनों नेताओं के बैठक में शामिल नहीं होने से पार्टी के नेतृत्व और अंदरूनी राजनीतिक समीकरणों को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

शादी समारोह में भोजन करने के बाद 27 लोग बीमार

मुंबई, (ईएमएस)। महानगर के भांडुप इलाके में एक शादी समारोह में खाना खाने के बाद 27 लोग बीमार पड़ गए। बीमार लोगों में नवविवाहित जोड़ा भी शामिल है। सभी को उपचार के लिए एमटी अग्रवाल म्युनिसिपल जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, फिलहाल सभी मरीजों की हालत स्थिर है। अस्पताल के मेडिकल ऑफिसर डॉ. कैलाश भास्करोले ने घटना की पुष्टि करते हुए मीडिया को बताया कि कुल 27 मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें दो बच्चे भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सभी मरीजों की स्थिति फिलहाल स्थिर बनी हुई है और उनका उपचार किया जा रहा है। बताया गया कि शादी समारोह में भोजन करने के बाद लोगों की तबीयत बिगड़ने लगी।

परीक्षा सुधार पर नीलेकणि पैनल को 3 महीने की मोहलत

नई दिल्ली, (ईएमएस)। देश में परीक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए गठित नंदन नीलेकणि पैनल का कार्यकाल तीन महीने बढ़ा दिया गया है। अब पैनल को जनवरी 2027 तक अपनी रिपोर्ट सौंपनी होगी। इससे पहले उसे अक्टूबर के अंत तक रिपोर्ट प्रस्तुत करनी थी। यह पैनल 26 जुलाई को गठित किया गया था। अब तक इसकी 18 बैठकें हो चुकी हैं और विभिन्न पक्षों के साथ करीब 40 परामर्श किए जा चुके हैं। कार्यकाल बढ़ाने का उद्देश्य परीक्षा प्रणाली में सुधार से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत विचार-विमर्श करना है। नई समयसीमा के दौरान पैनल राज्यों के मुख्यमंत्रियों और मुख्य सचिवों से भी सुझाव लेगा।

पूर्व सीजेआई सभरवाल के बेटों को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका

नई दिल्ली (ईएमएस)। देश के पूर्व मुख्य न्यायाधीश के बेटों को उच्चतम न्यायालय से एक महत्वपूर्ण मामले में बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व सीजेआई बाई.के. सभरवाल के बेटों के खिलाफ आयकर विभाग की जांच को पूरी तरह से वैध ठहराते हुए उनकी अपील खारिज कर दी है। इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने दिल्ली हाईकोर्ट के उस पुराने आदेश को भी बरकरार रखा है, जिसमें आयकर विभाग को उनकी आय और विलीय लेन-देन का नए सिरे से मूल्यांकन करने की अनुमति दी गई थी। मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आयकर विभाग द्वारा 31 मार्च 2015 को जारी किया गया नोटिस पूरी तरह कानूनी दायरे में था। अदालत ने कहा कि यह नोटिस कोई मनगढ़ंत कार्रवाई नहीं थी, बल्कि यह ठोस तथ्यों और महानिदेशक यूनिट नोएडा की विस्तृत रिपोर्ट पर पूरी तरह आधारित था। कोर्ट के इस फैसले के बाद अब आयकर विभाग के लिए सभरवाल बंधुओं की कमाई और संपत्तियों की दोबारा जांच का रास्ता साफ हो गया है।



भाजपा का दावा- रैली में प्रियंका गांधी को नहीं बोलने दिया

- राहुल और प्रियंका गांधी के बीच मतभेद होने का आरोप

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के भीतर गहरे मतभेद होने का दावा किया है। भाजपा का आरोप है कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और उनकी बहन प्रियंका गांधी के बीच आंतरिक कलह चल रही है और दोनों अलग-अलग खेमों में बंट चुके हैं।

भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी करते हुए आरोप लगाया कि गांधी परिवार के भीतर ही प्रियंका गांधी का राजनीतिक 'वोट चोरी' कर लिया गया है, क्योंकि राहुल गांधी को इस बात का डर है कि यदि उनकी बहन को पार्टी में आगे बढ़ाया गया, तो वह खुद हाशिए पर चले जाएंगे। भाजपा ने दावा किया कि आयोजित 'मॉक पार्लियामेंट' यानी प्रतीकात्मक संसद और रामलीला मैदान की विशाल रैली के दौरान प्रियंका गांधी बेहद नाखुश नजर आईं। पार्टी का कहना है कि इन कार्यक्रमों में अन्य नेताओं और सांसदों को खुलकर अपनी बात रखने का अवसर दिया गया, लेकिन जानबूझकर प्रियंका गांधी को बोलने का मौका नहीं दिया गया। उल्लेखनीय है कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रतीकात्मक रूप से जन महाभियोग चलाया था। गठबंधन ने निर्वाचन आयोग पर सरकार के इशारे पर काम करने और मतदान के अधिकार को खतरे में डालने का आरोप लगाया है।



सब कुछ होगा उजागर : सीट-दर-सीट खुल रही वोट चोरी की पोल

कोलकाता (ईएमएस)। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की फायरब्रांड सांसद महुआ मोइत्रा ने पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची से नाम हटाए जाने के मुद्दे पर चुनाव आयोग और उसके शीर्ष अधिकारियों पर तीखे हमले किए हैं। सोशल मीडिया पर मुखर तेवर अपनाते हुए महुआ ने दावा किया है कि बंगाल में कथित तौर पर हो रही वोट चोरी की पर्तें अब एक-एक सीट पर खुलकर सामने आ रही हैं। इससे पहले, उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ दिल्ली के पार्लियामेंट स्ट्रीट थाने में औपचारिक शिकायत दर्ज कराते हुए आपराधिक मामला दर्ज करने की मांग की है।

ज्ञानेश कुमार तैयार थे पर प्रतिनिधियों की सूची नहीं दे पाए

केंद्रीय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और प्रवर्तनकारियों की मुलाकात को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ने प्रवर्तनकारियों के प्रतिनिधिमंडल से मिलने की पेशकश की थी, लेकिन प्रवर्तनकारी अपने प्रतिनिधियों की सूची जमा करने में पूरी तरह नाकाम रहे। दिल्ली में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर आयोजित एक विचार-गोष्ठी को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने विपक्षी दलों के 'इंडिया ब्लॉक' द्वारा हाल ही में आयोजित 'मॉक पार्लियामेंट' और प्रतीकात्मक महाभियोग को लोकतांत्रिक व्यवस्था का उपहास करार दिया। विपक्षी गठबंधन ने एक दिन पहले मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ प्रतीकात्मक महाभियोग चलाया था और चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए थे।

दिल्ली में प्रदूषण रोकने विंटर एक्शन प्लान लागू

- एक दिन में 68.4 लाख वसूले, इस प्लान के तहत बाहर से आने वाले प्री-बीएस-6 वाहनों की एंट्री पर रोक

अजीत झा

नई दिल्ली, (ईएमएस)। दिल्ली में प्रदूषण रोकने के लिए 1 नवंबर से विंटर एक्शन प्लान लागू किया गया है। इसके पहले दिन रविवार शाम 5 बजे तक नियम तोड़ने वालों पर कुल 68.4 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। इस प्लान के तहत बाहर से आने वाले प्री-बीएस-6 वाहनों की एंट्री पर रोक है। रविवार को 14,930 गाड़ियों की जांच की गई। इनमें से 1,539 गाड़ियों को दिल्ली बॉर्डर से वापस भेजा गया। वहीं, 62 गाड़ियां जब्त की गईं। इस कार्रवाई में 127 चालान काटकर 2 लाख रुपए का जुर्माना वसूला गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पीयूसीसी नहीं होने पर 566 वाहनों के चालान काटे गए और 56.6 लाख रुपए का जुर्माना लगाया। कंस्ट्रक्शन साइट पर नियम तोड़ने के मामले में 9.8 लाख रुपए का पर्यावरण मुआवजा लगाया गया। प्रशासन ने कंस्ट्रक्शन और तोड़फोड़ वाली जगहों पर धूल रोकने के नियमों की जांच की।



दिल्ली में दिवाली से पहले दमघोंटू हुई हवा

दिल्ली में दिवाली के त्योहारी सीजन से पहले ही हवा की सेहत लगातार बिगड़ती जा रही है और राजधानी में सांस लेना दूभर हो गया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक वाली एक्यूआई तीजी से बढ़ते हुए 350 के करीब पहुंच गया है।


पूर्व मंत्री अरोड़ा के ठिकानों पर ईडी ने की छापेमारी

चंडीगढ़ (ईएमएस)। पंजाब में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए कांग्रेस के पूर्व कैबिनेट मंत्री सुंदर शाम अरोड़ा से जुड़े 16 ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की है। प्रवर्तन निदेशालय की जालंधर टीम इस पूरी कार्रवाई को अंजाम दे रही है, जिसके तहत मोहाली, चंडीगढ़, होशियारपुर, जालंधर और लुधियाना समेत कई प्रमुख स्थानों पर एक साथ तलाशी ली जा रही है। जांच टीम ने पूर्व मंत्री के आवास के अलावा उनके करीबी रहस्योगियों के ठिकानों पर भी दबिश दी है, जिससे राजनीतिक गलियारों में हड़कंप मच गया है। यह पूरी कार्रवाई सुंदर शाम अरोड़ा पर लगे पांच करोड़ रुपये की रिश्वत के गंभीर आरोपों से जुड़ी हुई है।



पुर्तगाल में घरों की कमी को लेकर विरोध प्रदर्शन करने वाले कार्यकर्ता दंगा निरोधक पुलिस का इंतजार करते हुए। -फोटो- ईएमएस

फ्लोरिडा में मिसाइल की तरह गिरा प्राइवेट जेट, सभी 9 लोगों की मौत



वॉशिंगटन (ईएमएस)। अमेरिका के साउथ फ्लोरिडा में रविवार को एक बेहद भीषण विमान हादसा पेश आया, जहां नौ लोगों को लेकर जा रहा एक बिजनेस जेट सीधे रिहायशी इलाके के बीचों-बीच जा गिरा। विमान जमीन पर गिरते ही एक भयावह आग के गोले में तब्दील हो गया और इस दर्दनाक हादसे में विमान में सवार सभी 9 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। हादसे का शिकार हुआ यह प्राइवेट जेट ऑस्टिन, टेक्सास से उड़ान भरकर बहामास की तरफ जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही पाम बीच काउंटी के क्रेस्टव्हेन के पास यह भयानक दुर्घटना का शिकार हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों और सामने आए वीडियो फुटेज के मुताबिक, जेट आसमान से किसी मिसाइल की तरह तेजी से नीचे आया और मिलिट्री ट्रेल नामक बेहद व्यस्त 6-लेन वाली सड़क पर जा गिरा। गनीमत यह रही कि विमान पास के रिहायशी घरों से टकराने से बाल-बाल बच गया, वरना जमीन पर और भी बड़ा जानी नुकसान हो सकता था। हालांकि, अत्यधिक व्यस्त मार्ग पर प्लेन गिरने से जोरदार धमाका हुआ और पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। विमान के मलबे के पास आग की ऊंची लपटें उठने लगीं और दूर तक आसमान में काला धुआं छा गया।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की साख लगी दांव पर

मध्यावधि चुनाव मतदान आज, दुनिया की निगाहें टिकीं अमेरिका पर

वॉशिंगटन (ईएमएस)। अमेरिका में तीन नवंबर को होने जा रहे मध्यावधि चुनाव (मिडटर्म इलेक्शन) राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के राजनीतिक भविष्य और उनके कार्यकाल के अगले दो सालों की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाएंगे। इन चुनावों के नतीजे यह तय करेंगे कि ट्रंप प्रशासन को अमेरिकी संसद यानी कांग्रेस का कितना समर्थन मिल पाएगा।

इस चुनाव के जरिए अमेरिकी संसद के दोनों सदनों के नए प्रतिनिधियों का चुनाव किया जाएगा। निचले सदन यानी प्रतिनिधि सभा की सभी 435 सीटों और ऊपरी सदन यानी सीनेट की 100 में से 35 सीटों पर मतदान होना है। इसके अलावा 36 प्रांतों में मतदाता अपने नए गवर्नर का भी चुनाव करेंगे, जो शिक्षा, गर्भपात और स्थानीय कानूनों जैसे कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर नीतिगत फैसले लेते हैं।

यह चुनाव केवल अमेरिकी घरेलू राजनीति तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके भू-राजनीतिक और आर्थिक परिणाम भारत के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण हैं। अमेरिका में होने वाले विधायी बदलाव और संसदीय फैसले भारतीय निर्यात, व्यापारिक समझौतों और वहां कार्यरत हजारों भारतीय पेशेवरों के भविष्य को सीधे तौर पर प्रभावित कर सकते हैं। हाल ही में दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों और भारतीय वस्तुओं पर लगने वाले टैरिफ को लेकर कई अहम घटनाक्रम सामने आए हैं। यदि मध्यावधि चुनाव में विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी या असंतुष्ट धड़े को संसद के दोनों या किसी एक सदन में मजबूती मिलती है, तो आव्रजन, व्यापार और विदेश नीतियों पर अमेरिकी प्रशासन की संसदीय निगरानी और सख्ती काफी बढ़ सकती है।



राजनीतिक घटनाक्रमों पर भारत की पैनी नजर बनी हुई

विशेष तौर पर, अमेरिका में रोजगार के सिलसिले में रह रहे भारतीय आईटी पेशेवरों के लिए एच-1बी वीजा के नियम बेहद संवेदनशील विषय रहे हैं। ट्रंप प्रशासन द्वारा एच-1बी वीजा के नए आवेदनों पर भारी फीस लगाने के प्रस्ताव को हालांकि पूर्व में संघीय अदालतों ने रोक दिया था, लेकिन यदि इस चुनाव के बाद ट्रंप को संसद के दोनों सदनों का नियंत्रण और मजबूत समर्थन मिलता है, तो इन कड़े नियमों को फिर से लागू करने या नए सिरे से आगे बढ़ाने के प्रयास किए जा सकते हैं। यही वजह है कि अमेरिका के इन राजनीतिक घटनाक्रमों पर भारत की पैनी नजर बनी हुई है।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं संपादक सुनील वर्मा के लिए 1/4, परदेशीपुरा इन्दौर से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रेस 4/54 प्रेस कॉम्प्लेस एबी रोड इंदौर मध्यप्रदेश इन्दौर से मुद्रित.
कार्पोरेट कार्यालय : 301, अरु प्लाजा एमजी रोड इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। मो. : 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com